आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

आ रहे हैं 'राम'

वर्ष : 26 | अंक : 27 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 17 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

भारत की सैन्य शक्ति का दुनिया ने माना लोहा

ग्लोबल फायरपावर रैंकिंग में सैन्य तौर पर चौथा सबसे ताकतवर देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने दुनिया भर में पिछले कुछ वर्षों में अपनी बड़ी मजबूती का अहसास करा दिया है। भारत सैन्य तौर पर दुनिया का चौथा सबसे ताकतवर देश बन गया है। लिस्ट में भारत ने कई देशों को पछाड़ दिया है। दरअसल ग्लोबल फायरपावर रैंकिंग जारी हुई है। इस रैंकिंग में अमेरिका को सैन्य तौर पर दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना गया है। वहीं रूस और चीन क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ग्लोबल फायरपावर की रैंकिंग के अनुसार, भारत को 0.1023 स्कोर मिला है। वहीं अमेरिका को 0.0699, रूस को 0.0702 और चीन को 0.0706 स्कोर मिला है। इस रैंकिंग के अनुसार 0.0000 स्कोर को परफेक्ट माना जाता है।

ग्लोबल फायरपावर की 2024 की इस लिस्ट में कुल 145 देशों को उनकी सैन्य ताकत के आधार पर शामिल किया गया है। भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान इस लिस्ट में नौंवे स्थान पर है। वहीं इटली को 10वां स्थान मिला है। दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, जापान और तुर्किए भी शीर्ष 10 ताकतवर देशों में शामिल हैं। कई पैरामीटर को ध्यान में रखकर ग्लोबल फायरपावर ने यह लिस्ट तैयार की है, जिनमें सैनिकों की संख्या, सैन्य उपकरण, वित्तीय स्थायित्व, सैन्य संसाधन, प्राकृतिक संसाधन, उद्योग और भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखा गया है। ग्लोबल फायरपावर ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

बेटी की हत्या कर फरार हुआ दामाद

विवाहिता के पिता ने दर्ज कराई दहेज हत्या

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। तुगलपुर गांव में किराए के मकान में हुई महिला की हत्या के मामले में उसके परिजनों ने पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला 6 दिन पूर्व भी अपने पति के साथ तुगलपुर में रहने के लिए आई थी। थाना नॉलेज पार्क पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि तुगलपुर गांव निवासी बीरम के मकान में किराए पर रहने वाली रचना कुमारी का शव उसके कमरे में पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को (शेष पृष्ठ-3 पर)

दो युवकों ने की आत्महत्या

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान पर दो युवकों है फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं जिस कारण आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाई है।

मूल रूप से हरदोई निवासी कमलेश अपनी पत्नी व भाई विमलेश के साथ नया गांव में रह रहा था। मंगलवार को कमलेश ड्यूटी तथा उसकी पत्नी बाजार गई हुई थी। घर में विमलेश अकेला था कुछ देर बाद जब कमलेश की पत्नी घर लौटी तो उसे विमलेश फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना फेस-2 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला (शेष पृष्ठ-3 पर)

गर्भगृह में आज रामलला का प्रवेश

रामलला की आंखों पर बंधी पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान चल रहा है। वहीं तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को महज 5 दिन (22 जनवरी) बाकी रह गए हैं। राम मंदिर के उद्घाटन से पहले मंगलवार (16 जनवरी) से धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। आज अनुष्ठान का दूसरा दिन है। अनुष्ठान के तहत आज रामलला की नई मूर्ति को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा। जलयात्रा, तीर्थपूजन, ब्राह्मण-बटुक-कुमारी-सुवासिनी पूजन, वर्धिनीपूजन और कलशयात्रा के बाद आज भगवान रामलला की मूर्ति का प्रसाद परिसर में भ्रमण होगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

केरल के गुरुवायूर मंदिर में पीएम ने की पूजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व रामायण से संबंधित मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के आंध्र प्रदेश-केरल दौरे पर हैं। आज सुबह उन्होंने केरल के गुरुवायूर मंदिर पूजा और दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद भी दिया साथ ही रामायण की प्रस्तुति करने वाले (शेष पृष्ठ-3 पर)

अयोध्या से कोलकाता और बैंगलूरू के लिए उड़ान सेवा

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण किया था।

इसके साथ ही दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के लिए अयोध्या से वायुसेवा शुरू हो गई थी। आज इंडियन एयर लाइंस की अयोध्या से कोलकाता और बंगलुरू के लिए भी वायुसेवा शुरू हो गई है।

अयोध्या से कोलकाता और बंगलुरू के लिए इंडियन एयरलाइंस की सेवा शुरू करने के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

प्रभारी मंत्री ने मंदिरों में चलाया सफाई अभियान

नोएडा (चेतना मंच)। आज भाजपा के जनपद प्रभारी तथा उप्र के लोक निर्माण विभाग के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने मंदिरों में सफाई अभियान चलाया।

अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संपूर्ण देश में धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। आज अभियान के निमित्त प्रभारी मंत्री गौतमबुद्ध नगर एवं राजस्व राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने नोएडा के महर्षि बाल्मिकी मंदिर सेक्टर-10, श्री शिव दुर्गा धाम मंदिर सेक्टर-12 और श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर (शेष पृष्ठ-3 पर)

शादी के छप गए कार्ड, लेकिन बारात लेकर नहीं पहुंचा दूल्हा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। शादी के कार्ड छापकर रिश्तेदारों को न्योता पहुंच चुका था। लड़की के घर में चारों तरफ खुशियां फैली हुई थी लेकिन ऐन वक्त पर दहेज के लोभी लड़के के परिजन लड़की के घर बारात लेकर नहीं पहुंचे। लड़के के परिजनों ने शर्त रखी कि दहेज में जब तक 10 लाख रुपए नहीं मिलेंगे शादी नहीं होगी। पीड़ित लड़की ने अब दहेज लोभियों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से कानपुर निवासी मीना अवस्थी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी शादी पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट ग्रेटर नोएडा में रहने वाले अभिषेक मिश्रा के साथ तय हुई थी। परिजनों की सहमति से 24 मार्च 2023 को ग्रेटर नोएडा के जगन्नाथ मंदिर में सगाई की रस्में पूरी हुई थी। इस दौरान अभिषेक मिश्रा और उसके परिजनों ने कहा कि उन्हें शादी में (शेष पृष्ठ-3 पर)

वैष्णो देवी के लिए हेलीकॉप्टर का टिकट बुक कराने पर कट गई जेब

नोएडा (चेतना मंच)। माता वैष्णो देवी जाने के लिए हेलीकॉप्टर का टिकट ऑनलाइन बुक करने वाले जरा संभल जाएं। कहीं ऐसा ना हो कि आपकी जेब कट जाए और आप माता के दर्शन भी ना कर पाए। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें पीड़ित ने टिकट बुक करने के लिए संबंधित कंपनी के अकाउंट में पैसे डाल दिए लेकिन टिकट कंफर्म नहीं हुआ।

सेक्टर-63 के कंपनी में कार्यरत रोहित विज ने पुलिस से की शिकायत में बताएं कि उसने वैष्णो देवी जाने के लिए कटरा से हेलीकॉप्टर की पांच टिकट बुक करने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी ग्लोबल वेटक्ट्रा हेलीकॉप्टर लिमिटेड से संपर्क किया था। कंपनी द्वारा दिए गए फोन नंबर पर उसकी बात कमल शर्मा नामक व्यक्ति से हुई। कमल शर्मा ने टिकट बुकिंग के लिए लोगों के नाम की सूची अपने व्हाट्सएप पर मंगा ली इसके बाद उसने 10500 अकाउंट में जमा करने को कहा।

उन्होंने बताए गए अकाउंट में 10500 जमा कर दिए। बुकिंग कंफर्मेशन ना मिलने पर उसने जब कमल शर्मा को फोन किया तो उसने फोन पिक नहीं किया और उनका नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद उन्होंने कई बार कमल शर्मा से बात करने का प्रयास किया लेकिन उससे संपर्क नहीं हो पाया। रोहित विज ने ठगी का आरोप लगाते हुए थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया है।

किशोरी को फिर भगा ले गया पड़ोसी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। करीब 6 माह पूर्व एक किशोरी को भगा कर ले जाने वाला आरोपी एक बार फिर जबरदस्ती किशोरी को अपने भाइयों की मदद से अपने साथ ले गया है। किशोरी के पिता ने अपनी बेटी की जान का खतरा बताते हुए थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से संभल निवासी राकेश (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ हाल में सूरजपुर कस्बे में रह रहा है। उसकी (14 वर्षीय) बेटी 13 जनवरी को घर से मार्केट सामान लेने के लिए गई थी। इस दौरान सचिन विजय व अजय पुत्र किशोरी निवासी ग्राम शाहाबाद रोड जनपद अलीगढ़ निवासी जबरन उसे अपने साथ ले गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

नलगढ़ा में करोड़ों की जमीन अवैध कब्जे से मुक्त

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-145 में अभियान चलाकर करीब 8 हजार वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त करा ली। इस जमीन की कीमत 5 करोड़ रूपये बताई जाती है।

नोएडा प्राधिकरण के सर्किल-10 क्षेत्र में गांव नलगढ़ा में प्राधिकरण की अधिसूचित व अधिग्रहीत जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां प्लाट की चारदीवारी कर कालोनाइजर द्वारा कब्जा किया जा रहा था। पहले भी इसी प्लाट के आसपास पर अवैध निर्माण करने का प्रयास किया गया था। यहां पहुंचे नोएडा प्रधिकरण के जेसीबी ने बाउंड्री वाल को गिराया। फेंसिंग कर जमीन को कब्जे में लिया।

प्राधिकरण ने बताया कि ये जमीन नलगढ़ा गांव की है। मास्टर प्लान 2031 के (शेष पृष्ठ-3 पर)

शराब की दुकान में लगी आग, जलकर मरा युवक

गजियाबाद (चेतना मंच)। ट्रांस हिंडन मोहननगर की राजीव कॉलोनी में अंग्रेजी शराब की दुकान में देर रात अचानक भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मश्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आज सुबह लगभग (शेष पृष्ठ-3 पर)

कोर्ट परिसर से वकील की बाइक चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय परिसर से एक अधिवक्ता की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। अधिवक्ता ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

सिविल कोर्ट सूरजपुर में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता रविकांत ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसने 15 जनवरी को अपनी बाइक कोर्ट परिसर में चेंबर के पास खड़ी की थी। शाम के समय जब वह घर जाने के लिए बाइक लेने आया तो उसे बाइक गायब मिली। उसने बाइक की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। अधिवक्ता के मुताबिक बाइक के मूल कागजात भी बाइक में ही रखे हुए थे, वह भी चोरी हो गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

बता दें कि न्यायालय परिसर के आसपास वाहन चोरी की आए दिन घटनाएं हो रही हैं। पुलिस इन पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है।

राशनकार्ड धारकों के लिए खुशखबरी!

आगामी 5 वर्षों तक फ्री मिलेगा राशन : चमन शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)।

जनपद के सभी अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के लिए खुशखबरी है। उनको अब 2028 तक नि:शुल्क राशन मिलेगा।

जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा अब अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी

लाभार्थियों को 1 जनवरी, 2024 से 05 वर्ष अर्थात 31 दिसम्बर, 2028 तक नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार 1 जनवरी, 2024 से 5 वर्ष तक की अवधि के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की धारा-3 के अन्तर्गत सभी पात्र परिवारों को चावल, गेहूँ और मोटा अनाज नि:शुल्क प्रदान किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण व्यय भार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। वर्तमान में अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल प्रति राशनकार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों उनके यूनिटों पर 2 किग्रा0 गेहूँ तथा 3 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरण कराया जा रहा है।

विधवा महिला के घर पर जबरन कब्जे की कोशिश

चचिया सास व अन्य ससुरालियों पर आरोप

नोएडा (चेतना मंच)। संपत्ति विवाद में चचिया सास ससुर व देवर ने घर की बहू के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और उसके घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-126 में पांच नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम गढ़ी शाहपुर निवासी ममता (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके पति दीपक चौहान का डेढ़ वर्ष पूर्व कैंसर की बीमारी से निधन हो गया था। वह अपनी 13 वर्षीय बेटी के साथ अपने पैतृक घर में रह रही है। बीते 15 जनवरी को उसके चचिया ससुर सतपाल, चचिया सास (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs CCTV Controlled Environment Activity Based Learning
Well Equipped Library GPS Enable Buses

राहुल की यात्रा

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी ने दूसरी यात्रा का आरंभ किया है- 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा।' कांग्रेस प्रवक्ता इसे सामाजिक, धार्मिक न्याय और 'अराजनीतिक' यात्रा करार दे रहे हैं। कांग्रेसी 'न्याय' और 'सहो मत, डरो मत' के नारे लगा रहे हैं। परंपरा के मुताबिक, यह पदयात्रा नहीं होगी, बल्कि एक अत्याधुनिक बस के जरिए 6713 किलोमीटर का फासला तय किया जाएगा। बीच-बीच में राहुल गांधी और उनके सहयात्री पैदल भी चलेंगे। 'न्याय यात्रा' देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से गुजरेगी। 66 दिन की यात्रा के बाद 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। तब तक आम चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी होंगी! राहुल गांधी किस 'न्याय' की बात कर रहे हैं? लोकतंत्र में न्याय की अपेक्षा सरकार और न्यायपालिका से की जाती है। कोई ऐसी वारदात या सामाजिक दमन भारत में नहीं हुआ है, जिसके लिए 'न्याय' की गुहार या उद्घोष किया जाए। भारत एक संगठित, संप्रभु, विविधता के बावजूद एकजुट राष्ट्र है, तो 'कन्याकुमारी से कश्मीर तक' देश को जोडऩे का आह्वान करने के बाद राहुल गांधी अब किस भूखंड और नागरिकों को जोडऩे की बात कर रहे हैं? अपवाद हो सकते हैं, समस्याएं हो सकती हैं। कांग्रेस ने देश पर करीब 55 साल शासन किया है। ऐसे कौनसे सामाजिक और धार्मिक अन्याय शेष रह गए हैं, जिन पर 'न्याय' का दावा किया जा रहा है? यह यात्रा राजनीतिक क्यों नहीं है? किसी राजनीतिक दल की इतनी लंबी यात्रा 'अराजनीतिक' हो सकती है? एक ओर देश में राम मंदिर के जरिए हिंदुत्व के खुमार की कोशिशें जारी हैं और उन्हीं के समानांतर 'न्याय यात्रा' शुरू की गई है। कांग्रेसियों के भाषणों और बयानों से स्पष्ट है कि यह पूरी तरह राजनीतिक यात्रा है। आम चुनाव का 'अग्निपथ' तैयार किया गया है। मणिपुर के जातीय तनाव, सामुदायिक हिंसा, कर्फ्यू और हत्याओं संबंधी कांग्रेस के बयान पूरी तरह राजनीतिक हैं। लहूलुहान की यह परंपरा 60 साल पुरानी है। पूर्वोत्तर के राज्यों में तब भी उग्रवाद, हिंसा और हत्याएं थीं, जब भारत सरकार के रूप में कांग्रेस सत्तारूढ़ थी। सिर्फ पूर्वोत्तर के हालात पर लोकसभा चुनाव नहीं हुआ करते। चूंकि पूर्वोत्तर में कांग्रेस लगभग नगण्य स्थिति में है, लिहाजा चुनावी हासिल के लिए भी यात्रा मणिपुर से शुरू की गई है। गौरतलब यह है कि कांग्रेस 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का आगाज कर रही थी, लेकिन उसी समय 50 साल से अधिक समय के समर्थक परिवार के सदस्य और यूपीए सरकार में राज्यमंत्री रहे मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस को अलविदा कहकर शिवसेना से हाथ मिला लिए। 2019 के बाद कांग्रेस छोडऩे वालों में गुलाम नबी आजाद, अश्विनी कुमार, कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुनील जाखड़, कपिल सिब्बल, हार्दिक पटेल, अनिल एंटनी, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी आदि नेताओं की लंबी फेहरिस्त है। सभी 'धुर कांग्रेसी' थे। केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और संगठन के पदों पर आसीन नेता थे। कांग्रेस अपने ही नेताओं को 'जोड़ कर' क्यों नहीं रख पाई है? राहुल गांधी की यात्रा जिन लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी, उनमें से मात्र 15 सीटों पर ही कांग्रेस सांसद हैं। संभव है कि कांग्रेस की यह सोच रही होगी कि वह यात्रा के जरिए बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, महिला उत्पीडऩ, कथित राजनीतिक अहंकार, मंदिरवाद, अमीर-गरीब की खाई, आम आदमी को स्वाभाविक न्याय आदि मुद्दों पर व्यापक जनमत तैयार कर सकती है! बहरहाल उसे चुनाव स्पष्ट कर देंगे। यदि भाजपा और संघ परिवार मिल कर हिंदूवाद की राजनीति खेल रहे हैं, तो कांग्रेस भी कम हिंदूवाद वाली पार्टी नहीं है। उसके ध्रुवीकरण की जरूरत है। इसके अलावा कांग्रेस जातिवाद और मुस्लिमवाद की सियासत करती रही है। कर्नाटक और तेलंगाना के जनादेश इसके जीवंत उदाहरण हैं। दरअसल हम बीते कल विश्लेषण कर चुके हैं कि कांग्रेस अपने साथियों और समर्थकों को लामबंद नहीं कर पा रही है, नतीजतन 'इंडिया' गठबंधन एक मजबूत, संगठित और चुनौतीपूर्ण आकार नहीं ले पा रहा है। इस यात्रा के लिए भी कांग्रेस ने गठबंधन के घटक दलों को विश्वास में नहीं लिया, लिहाजा सभी असमंजस में बयान दे रहे हैं। अलबत्ता कुछ दलों के नेता यात्रा में जरूर शामिल होंगे। बहरहाल राहुल गांधी ने अपनी राजनीति के लिए 'अग्निपथ' चुना है, तो उन्हें बधाई और शुभकामनाएं। 'अग्निपथ' बहुत मुश्किल, टेढ़े-मेढ़े और कंटीले होते हैं। देखते हैं कि यह यात्रा कैसे गुजरती है!

इतिहास के जुल्म और अत्याचार से हिंदुओं को पांच सौ साल बाद मिला न्याय

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कई मायनों में एक नई शुरुआत है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष की पार्टियों की ओर से भाजपा पर लगातार हमले हो रहें हैं। विपक्ष भाजपा पर मंदिर पर राजनीति करने का, अर्थात राजनीति में धर्म को लाने पर आलोचना कर रहा है। विपक्ष अपनी आलोचना से इस मुद्दे को एकतरफ़ा पेश करने की कोशिश कर रहा है। विरोधी पार्टियां तर्क दे रही हैं कि धर्मनिरपेक्ष देश में सरकार का इस तरह के समारोह में शामिल होना एक तरह से हिंदुत्व को बढ़ावा देना है जो संविधान के ख़िलाफ़ जाता है और अल्पसंख्यकों की भावनाओं को ध्यान में नहीं लेता। लेकिन विपक्ष की नाराज़गी की वजह सिर्फ संविधान की काल्पनिक ख़िलाफ़त नहीं है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कई पहलू हैं जिन पर गौर करना ज़रूरी है। इन पहलुओं से विपक्ष की नाराज़गी की असली वजह भी सामने आती है।

सबसे पहले, अयोध्या में प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण होने से इतिहास में हुए जुल्म और अत्याचार के लिए हिन्दुओं को पांच सौ साल बाद न्याय मिला है। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक ग़लती का सुधार नहीं है बल्कि लगातार एक हज़ार वर्षों से हो रहे विदेशी आक्रमणों के दर्द से बाहर निकलना भी है। इसके साथ ही यह राम मंदिर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के अभिमान का प्रतीक है। भारत को आज़ादी मिलने के बाद भी गुलामी की मानसिकता से बाहर आने में देश के लोगों को काफ़ी वक़्त लगा है। देश को अंग्रेज़ों से 1947 में आज़ादी मिलने का मतलब यह नहीं है कि भारत उसी वर्ष अस्तित्व में आया। सीधे तौर पर इस बात को कहे बिना विपक्ष का रुख़ इस प्रकार रहा है जो अप्रत्यक्ष रूप से हज़ारों साल पुरानी भारत की संस्कृति को नकारता आया है। लेकिन अब देश की ज़्यादातर जनता न सिर्फ अपने भारतीय होने पर गर्व करती है बल्कि भारतीय संस्कृति से भी ज़्यादा से ज़्यादा जुड़ रही है।

विपक्षी पार्टियां, विशेषत: क्षेत्रीय दल, अपनी राजनीति के लिए जाती या वर्ग विशेष पर निर्भर रहती हैं जैसे पिछड़ी जातियां और ग़रीब। लेकिन राम मंदिर के निर्माण से अब विपक्ष के इस वोट बैंक पर ज़बरदस्त सेंध लगी है जो उनकी नाराज़गी की असली वजह है।

दूसरा, विपक्ष इस मंदिर के निर्माण को एक विभाजनकारी कदम के तौर पर पेश कर रहा है जो हिंदुत्व के नाम पर हिन्दू धर्म के अंतर्गत आने वाली जाती, जनजाति और उपजाति को ध्यान में नहीं लेता। लेकिन अयोध्या में निर्माण हो रहे राम मंदिर को देखें तो यह तर्क भी ग़लत साबित होता है। प्रभु श्री राम के मंदिर के साथ साथ उसी परिसर में कई और मंदिरों का निर्माण भी हो रहा है। इनमें शिव, अन्नपूर्णा, भगवती, गणेश, हनुमान, सूर्य, वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, जटायु और शबरी के मंदिर भी शामिल हैं। इनमें से वाल्मीकि, वशिष्ठ, जटायु और शबरी को भारत की कई पिछड़ी जातियां और जनजातियां अपने पूर्वज मानती हैं। हनुमान, जिन्हें कुछ जनजातियां अपना पूर्वज मानती हैं, उनकी भक्ति सभी वर्गों के लोग करते हैं। राम मंदिर सभी हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा है लेकिन साथी ही यह हिन्दू धर्म की विविधता का समावेशी भी है।

तीसरा, जातियों की पारंपारिक विविधता को ध्यान में रखने के साथ ही यह मंदिर निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जातियों के वर्गीकरण का भी प्रतिनिधित्व करता है। मोदी ने कहा है कि उनके लिए और उनकी सरकार के लिए चार जातियां महत्त्वपूर्ण हैं। ये जातियां हैं ग़रीब, किसान, महिलाएं और युवा। राम मंदिर का निर्माण होने के साथ साथ अयोध्या के बुनियादी ढाँचे का भी काफ़ी विकास हुआ है जिनमें रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डा भी शामिल हैं। राम मंदिर की वजह से अब अयोध्या भारत के प्रमुख तीर्थस्थान के तौर पर उभरा है जिससे पर्यटन को लगातार बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से अयोध्या और उसके आस पास के इलाक़ों में छोटे-बड़े उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसमें होटल, रेस्तरां, ट्रांसपोर्ट, मिठाई की दुकान, पूजा सामग्री की दुकान, फूल की दूकान इत्यादि शामिल हैं। इन उद्योगों को बढ़ावा मिलने से ग़रीब, किसान, महिलाएं और युवाओं को रोज़गार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इससे मोदी ने अपनी प्राथमिकता में जिन जातियों का ज़िक्र किया है उनका फायदा होगा।

विपक्षी पार्टियां, विशेषत: क्षेत्रीय दल, अपनी राजनीति के लिए जाती या वर्ग विशेष पर निर्भर रहती हैं जैसे पिछड़ी जातियां और ग़रीब। लेकिन राम मंदिर के निर्माण से अब विपक्ष के इस वोट बैंक पर ज़बरदस्त सेंध लगी है जो उनकी नाराज़गी की असली वजह है। राम मंदिर का निर्माण पुरानी व्यवस्था को चुनौती है। राजनीतिक दल संकुचित नज़रिए से जातियों का विकास करने की बजाए उनका चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल करते थे। राम मंदिर से जहां एक तरफ़ करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं का सम्मान हो रहा है, वहीं भारत की राजनीति भी बदल रही है। राम मंदिर से दो महत्त्वपूर्ण संदेश जाते हैं। एक तो हिन्दू धर्म का अभिमान होना उसकी विविधताओं को नकारना है। दूसरा, आस्था का सम्मान करने का मतलब विकास को नज़रअंदाज़ करना नहीं होता। राम मंदिर यह साबित करता है कि आस्था और विकास एक दूसरे से जुड़े हैं। इसीलिए राम मंदिर का निर्माण पूरे देश के लिए एक नई शुरुआत है।

-निरंजन मार्जनी

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे तात! सुनिए, मैं जिस कारण से आया था, वह सब कार्य तो यहाँ आते ही पूरा हो गया। फिर आपके दर्शन भी प्राप्त हो गए। आपका परम पवित्र आश्रम देखकर ही मेरा मोह संदेह और अनेक प्रकार के भ्रम सब जाते रहे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

अब श्रीराम कथा अति पावनि। सदा सुखद दुख पुंज नसावनि॥
सादर तात सुनावहु मोही। बार बार बिनवउँ प्रभु तोही॥
अब हे तात! आप मुझे श्री रामजी की अत्यंत पवित्र करने वाली, सदा सुख देने वाली और दु:ख समूह का नाश करने वाली कथा सादर सहित सुनाएँ। हे प्रभो! मैं बार-बार आप से यही विनती करता हूँ॥
सुनत गरुड़ कै गिरा बिनीता। सरल सुप्रेम सुखद सुपुनीता॥
भयउ तास मन परम उछाहा। लाग कहै रघुपति गुन गाहा॥
गरुड़जी की विनम्र, सरल, सुंदर प्रेमयुक्त, सुप्रद और अत्यंत पवित्र वाणी सुनते ही भुशण्डिजी के मन में परम उत्साह हुआ और वे श्री रघुनाथजी के गुणों की कथा कहने लगे॥
प्रथमहिं अति अनुराग भवानी। रामचरित सर कहेसि बखानी॥
पुनि नारद कर मोह अपारा। कहेसि बहुरि रावन अवतारा॥
हे भवानी! पहले तो उन्होंने बड़े ही प्रेम से रामचरित मानस सरोवर का रूपक समझाकर कहा। फिर नारदजी का अपार मोह और फिर रावण का अवतार कहा॥
प्रभु अवतार कथा पुनि गाई। तब सिसु चरित कहेसि मन लाई॥
फिर प्रभु के अवतार की कथा वर्णन की। तदनन्तर मन लगाकर श्री रामजी की बाल लीलाएँ कहीं॥
दो0-बालचरित कहि बिबिधि बिधि मन महँ परम उछाह।
रिषि आगवन कहेसि पुनि श्रीरघुबीर बिबाह॥
मन में परम उत्साह भरकर अनेकों प्रकार की बाल लीलाएँ कहकर, फिर ऋषि विश्वामित्रजी का अयोध्या आना और श्री रघुवीरजी का विवाह वर्णन किया॥
बहुरि राम अभिषेक प्रसंगा। पुनि नृप बचन राज रस भंगा॥
पुरबासिन्ह कर बिरह बिषादा। कहेसि राम लछिमन संबादा॥
फिर श्री रामजी के राज्याभिषेक का प्रसंग फिर राजा दशरथजी के वचन से राजरस (राज्याभिषेक के आनंद) में भंग पड़ना, फिर नगर निवासियों का विरह, विषाद और श्री राम-लक्ष्मण का संवाद (बातचीत) कहा॥

क्रमश:

बिल्ली का बच्चा (बाल कहानी)

एक सुबह अन्नू अपने घर की छत पर टहल रही थी। पिछली रात हल्की बारिश हो चुकी थी। अब मौसम साफ था व धूप निकल आई थी। अचानक उसकी नज़र छत के कोने में पड़े जानवर के बच्चे पर पड़ी। बच्चा हिल नहीं रहा था। उसे लगा शायद बंदर मरे हुए बच्चे को वहाँ फेंक गया होगा। वह पुकारने लगी, मम्मी मम्मी, देखो यहाँ किसी जानवर का बच्चा पड़ा है। मम्मी नीचे रसोई में सब्जी बना रही थी, वह ऊपर आई और दोनों छत के कोने में गई। वहां बिल्ली का छोटा सा बच्चा, अपने चारों पाँव सिकोड़े हुए, पोटली सा बना पड़ा हुआ था। वह डरा हुआ लग रहा था अजीब सी आवाज़ें निकाल रहा था।

अन्नू की मम्मी ने ध्यान दिया अभी उसे म्याऊँ म्याऊँ करना भी नहीं आता था। उन्होंने प्यार से बच्चे को उठाया, उसकी पीठ पर हाथ फेरा मगर उसका आवाज़ें निकालना जारी था। वह अवश्य ही अपनी मां को याद कर रहा था। अन्नू की मम्मी ने कहा, शायद हमारे घर के आसपास बिल्ली ने बच्चे दिए होंगे । मगर यह इतनी ऊंची छत पर पहुंचा कैसे। ज़रूर इसे बंदर ने कहीं से उठाया होगा और यहाँ उसके हाथ से छूटकर गिर गया।

अन्नू बोली हमें इसकी मम्मी को खोजना चाहिए हो सकता है आसपास हो और इसके भाई बहन भी हों। उसने अपने नन्हें हाथों में बिल्ली के बच्चे को लेकर, छत पर बने स्टोर के अंदर रख दिया और बाहर से दरवाजा लगा दिया ताकि बंदर को न दिखे। इस बीच उसका भाई शेखू खेल कर वापिस आए, उसने बच्चे को दूध दिया मगर उसने पिया नहीं, फिर दूध फर्श पर डाला तो भी उसने मुश्किल से कुछ बूंदे ही चाटी। ऐसा लग रहा था वह बहुत उदास है। उसकी मम्मी को खोजना ज़रूरी था।

शेखू खेल कर आया तो अन्नू ने उसे बिल्ली के बच्चे के बारे में बताया। अब अन्नू और शेखू दोनों बिल्ली के बच्चे को हाथ में उठाकर

उसकी मां को ढूँढने निकले। उनके घर के पास एक तालाब था उसके आसपास देखा मगर बिल्ली नहीं मिली। फिर एक और बच्चे ने उन्हें बताया कि कुछ दूरी पर एक मकान बन रहा है शायद वहाँ बिल्ली ने बच्चे दे रखे हों। वे तीनों बच्चे वहाँ भी गए लेकिन वहाँ भी बिल्ली या अन्य बच्चे नहीं मिले। अब शाम होने लगी थी। वे बिल्ली के बच्चे को घर ले आए और उन्होंने उसे बोतल से दूध पिलाने की कोशिश की, बच्चा आवाज़ें निकालते निकालते सो गया।

अगले दिन रविवार था, शेखू अन्नू जल्दी उठ गए थे। वे चाहते थे कि बच्चे को मम्मी मिल जाए। उन्होंने फिर खोजना शुरू किया, काफी ढूंढा लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने पापा के दोस्त, पशु चिकित्सक से बात की उन्हें बिल्ली के बच्चे के बारे बताया कि छोटा है अभी उसे म्याऊँ म्याऊँ बोलना भी नहीं आता। उन्हें क्या करना चाहिए। पशु चिकित्सक ने समझाया कि ऐसा माना जाता है कि बिल्लियाँ इंसानी हाथ लगने के बाद अपने बच्चों को स्वीकार नहीं करती। वैसे भी आप इसकी मम्मी को काफी ढूंढ चुके हो।

अन्नू की मम्मी ने ध्यान दिया अभी उसे म्याऊँ म्याऊँ करना भी नहीं आता था। उन्होंने प्यार से बच्चे को उठाया, उसकी पीठ पर हाथ फेरा मगर उसका आवाज़ें निकालना जारी था। वह अवश्य ही अपनी मां को याद कर रहा था।

अच्छा तो यही है कि आप इसे स्वयं पाल लें थोड़ा बड़ा होने पर जब यह समझदार हो जाएगा तब आप इसे छोड़ सकते हो। धीरे धीरे यह आत्म निर्भर हो जाएगा। शेखू और अन्नू ने अपनी मम्मी से बात की। उन्होंने भी बच्चे को घर पर पालने के लिए कहा। दोनों बच्चों ने भी उसका ध्यान रखा, समय समय पर अपने डाक्टर अंकल से भी पूछते रहे। बिल्ली का बच्चा, शेखू ,अन्नू व उनके मम्मी पापा के साथ खेलते खेलते कब बड़ा हो गया पता ही नहीं चला। उनके दिमाग में यह बात कभी नहीं आई कि उसे कहीं छोड़ आएं। वह अब उनके घर का सदस्य जो बन गया था।

- संतोष उत्सुक

राशिफल

पौष शुक्ल- सप्तमी (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। थोड़ा मन विचलित रहेगा।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। प्रेम-संतान की स्थिति बेहतर है। व्यापार भी बेहतर है।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
निर्णय लेने की क्षमता अच्छी हो जाएगी। बच्चों का साथ होगा। प्रेम का साथ होगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
भूमि-भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन खलल भी पड़ सकता है। संघर्ष के साथ आप यह कर पाएंगे।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
व्यापारिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि आप उन्नति करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा सा बेहतर होगा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। अगर आपने निवेश किया तो धन हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य बेहतर होगा

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
मानसिक परेशानी बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरमङ्गरम, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार करीब-करीब ठीक रहेगा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
परेशानियों के साथ आय में वृद्धि। मानसिक कष्ट संभव है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यावसाय में थोड़ी अड़चनें आएंगी। स्वास्थ्य नरम गरम क्योंकि सीने में विकार संभव है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
मान-हानि की स्थिति बनी रहेगी। यात्रा में कष्ट संभव है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान की स्थिति मध्यम।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान मध्यम है।

भाजपा नेता ने चलाया स्वच्छता अभियान

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता के कार्यक्रम में आज भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर ने दनकौर के देवी माता मंदिर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर श्रमदान किया तथा पूजा अर्चना कर जगत् मां दुर्गा से जन जन के कल्याण की कामना की। श्री नागर ने बताया कि 22 जनवरी को दनकौर के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा हरिदत्त शर्मा, महामंत्री राजेंद्र योगी संजय शर्मा, अखिलेश नागर, दीपक सिंह, होशियार सिंह नवीन पण्डित, मीडिया प्रभारी हरीश शर्मा व महेश, रवि कृष्ण भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

पानी के कनेक्शन के लिए दर-दर की ठोकर

दनकौर (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश में बेशक निजाम बदल गया हो लेकिन सरकारी विभागों की कार्यशैली में जरा भी तब्दीली नहीं हुई है। एक ओर जहां सरकार 'हर घर जल' पहुंचने का अभियान चला रही है। वहीं दादरी नगर पंचायत एक अदद कनेक्शन के लिए लोगों को चक्कर कटवा रहा है। ऐसा ही मामला एक दनकौर कस्बे के गुलाम नबी पुत्र नन्नू के साथ प्रकाश में आया है।

गुलाम नबी ने बताया कि उन्होंने दादरी नगर पंचायत में पानी के कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। आवेदन करने के कई माह बाद भी जब कनेक्शन नहीं लगा तो उन्होंने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, बाबू सतीश नागर तथा गौरव सैनी से मिलकर कनेक्शन देने की गुहार की। लेकिन सभी ने यह कहकर उसे टरका दिया कि

अभी कोई कनेक्शन नहीं है। जहां चाहो वहां हमारी शिकायत कर दो।

पीड़ित गुलाम ने बताया कि एक ओर सरकार 'हर घर जल' की व्यवस्था करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। वहीं सरकारी विभागों के बाबू सरकार के इस अभियान को खुलेआम पलीता लग रहे हैं।

भाकियू (अम्बावता) संगठन का हुआ विस्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दादरी के रेलवे रोड स्थित जगेश कुमार के निवास पर कल भाकियू अंबावता संगठन की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल नागर ने व संचालन दादरी तहसील अध्यक्ष राजकुमार रूपवास ने किया।

बैठक में जिला अध्यक्ष अनिल नागर ने संगठन का विस्तार करते हुए कपिल खारी (खैरपुर) को जिला उपाध्यक्ष गीता नागर को ग्रेटर नोएडा महानगर महिला अध्यक्ष, जयंती प्रसाद को दादरी तहसील वरिष्ठ संरक्षक, सुंदरलाल शर्मा को दादरी मीडिया प्रभारी, जगेश कुमार को सदस्य, शादाब को सदस्य बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को फूलमाला एवं मनोनमन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के दादरी तहसील अध्यक्ष राजकुमार रूपवास ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबावता के आदेश अनुसार संगठन का विस्तार किया गया है।

लूट में वांछित बदमाश दबोचा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर पुलिस ने लूट के मामले में वांछित चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस इसके एक साथी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि बीते 16 अगस्त को खेड़ी भनोता कट के पास दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से 227000 रुपए हथियारों के बल पर लूट लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीते 1 सितंबर को पुलिस ने नई आबादी दादरी निवासी तौफीक पुत्र भूरे को गिरफ्तार किया था। इसके पास से लूट के रूपयों में से 55150 रुपए बरामद हुए थे।

तौफीक ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसने अपने साथी ताहिर निवासी मोहल्ला मेवतियान कस्बा दादरी के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। तौफीक की गिरफ्तारी के बाद से पुलिस ताहिर की तलाश कर रही थी लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। लगातार फरार चलने के कारण पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर ताहिर को 130 मीटर रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से तमंचा, कारतूस व लूटी गई नगदी में से एक हजार रुपए भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी पर पूर्व में भी कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

फर्जी बैनामे के जरिये करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन का फर्जी बैनामा कर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले माफिया श्याम चरण मिश्रा गिरोह के सदस्य को थाना ईकोटेक तीन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में रिटायर्ड सूबेदार मेजर सहित 17 लोगों ने दादरी तहसील ग्रेटर नोएडा के चार तत्कालीन उप निबंधक, अधिवक्ता सहित 19 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था।

एडीसीपी सेंट्रल हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने, फर्जी बैनामा करने तथा षड्यंत्र रचने के आरोप में वांछित चल रहे दलवीर पुत्र सुरेंद्र मूल निवासी ग्राम अमरोली रतनपुर थाना अलीगंज जनपद एटा को सेक्टर-63 वेव सिटी मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।

पकड़ा गये आरोपी ने ठगबाज गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर प्लॉटों के फर्जी बैनामे कर सैंकड़ों ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इस संबंध में रिटायर्ड सूबेदार मेजर सहित 17 लोगों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत दर्ज कराई की थी। इस गिरोह की ठगी का शिकार बने रिटायर्ड सूबेदार मेजर फूल सिंह, अमरावती, भगवान देवी, बदरू निशा, शबनम, मीनू देवी, नीतू देवी ,राम बेटी, विपिन बिहारी, सुनीता देवी, रीना राय, गीता देवी, खुशबू कुमारी, सुलोचना देवी सहित 17 लोगों ने पूर्व में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को अपना शिकायती पत्र दिया था।

जांच पड़ताल के बाद थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने गिरोह के सरगना श्यामा चरण मिश्रा, दलवीर, मुकेश मिश्रा, सरिता मिश्रा, धर्मेंद्र, पंकज राम, ज्ञान सिंह, अरविंद, प्रवीण, ललित उपाध्याय, विजय यादव, अंजू अग्रवाल, अधिवक्ता संदीप शर्मा, तत्कालीन द्वितीय नोएडा मध्य के उपनिबंधक जे एन सिंह, तहसील दादरी ग्रेटर नोएडा के तत्कालीन उप निबंधक ओपी सिंह, उपनिबंधक नरेंद्र कुमार जैसल, उप निबंधक प्रदीप जैन, खलील व उस्मान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंकित विहार चोटपुर कॉलोनी निवासी मुकेश मिश्रा को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में गिरोह के सरगना श्यामा चरण सहित अन्य लोगों ने अपनी गिरफ्तारी पर उच्च न्यायालय से स्टे लिया हुआ है।

पीड़ितों के मुताबिक इस ठगबाज गिरोह ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सस्ती दरों पर प्लॉट दिलाने के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की है। ठगी में तत्कालीन उप निबंधकों ने आरोपियों का पूरा साथ दिया और फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई। पीड़ितों के मुताबिक आरोपी लोगों को जमीन दिखाकर फर्जी दस्तावेजों का आधार पर रजिस्ट्री कर देते थे। इसके बाद वह प्लॉट पर भी कब्जा कर लेते थे। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनसे 84.93 लाख रुपए की ठगी की गई है।

बता दें कि ऐसे सैकड़ों लोग हैं जो इस गिरोह का शिकार बने हैं। इस गिरोह के सदस्य इस कदर शातिर है कि उन्होंने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए अपनी गिरफ्तारी पर उच्च न्यायालय से भी स्टे ले रखा है।

भाजपाईयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

भदोही (चेतना मंच)। भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल स्वच्छता अभियान सेमराध नाथ में चलाया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहे। साथ में जिला प्रभारी नागेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला प्रवासी अवधेश सिंह सारथी भी मौजूद रहे। इसी क्रम में मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी प्रभारी मंत्री स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी नेता नागेंद्र सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव संतोष पांडेय लालता सोनकर संतोष तिवारी सत्यसिल गुप्ता मनोज मिश्रा रवीश पांडेय प्रदीप सिंह गोवर्धन राय जिला मीडिया प्रभारी अखिलेंद्र सिंह बघेल चिंटू अखंड प्रताप सिंह राजेंद्र दुबे धर्मराज पांडेय राजेंद्र पाल बघेल शिवम आकाश मृत्युंजय आलोक सिंह प्रधान सपना दुबे स्नेहलता श्रीवास्तव नवीन मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपना घर आश्रम में रहने वाली महिला की संदिग्ध मौत

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-34 से स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौत के कारण को पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर-34 से स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली मुमताज को स्टाफ ने गंभीर स्थिति में सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान मुमताज की मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस मृतका के परिजनों की तलाश कर रही है।

10 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे 10 हजार रूपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर थाना सूरजपुर क्षेत्र में अपहरण की वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर सुत्याना गांव निवासी रोहित पुत्र करतार को गिरफ्तार किया गया है। रोहित के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मामला पंजीकृत था और वह इसमें वांछित चल रहा था। लगातार वंचित चलने के कारण उस पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित था। थाना प्रभारी ने बताया कि रोहित ने अपने 6 अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना सूरजपुर क्षेत्र में अपहरण की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना सूरजपुर पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। जिसकी विवेचना थाना सेक्टर-142 पुलिस द्वारा की जा रही थी।

'मोदी की गारंटी' जन-जन तक पहुंची : गोपाल कृष्ण

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कासना मंडल के सालेपुर गांव में कल पहुंची कर्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सीधे आपके द्वारा आ रही है आप भी समस्याओं को सुने और उनका निराकरण करवायें। इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, मंडल अध्यक्ष दिनेश भाटी, राकेश प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, राजेंद्र चौहान, आलोक रंजन, मंडल अध्यक्ष हरदत्त शर्मा मौजूद रहे।

पृष्ठ एक के शेष....

भारत की सैन्य...

हमारा फार्मूला छोटे, तकनीकी तौर पर आधुनिक देशों को बड़े और कम विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देता है। इस बहुआयामी दृष्टिकोण का उद्देश्य मारक क्षमता से परे सैन्य क्षमताओं की अधिक संपूर्ण तस्वीर पेश करना है। इस इंडेक्स में फ्रांस को 11वें स्थान पर रखा गया है। वहीं फ्रांस के बाद ब्राजील, इंडोनेशिया, ईरान, मिस्त्र, ऑस्ट्रेलिया, इस्त्राइल, यूक्रेन, जर्मनी और स्पेन को शीर्ष 20 ताकतवर देशों में स्थान दिया गया है।

गर्भगृह में आज ...

प्रायश्चित पूजा और कर्मकुटी पूजन के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सात दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो चुका है। मंगलवार को मूर्ति निर्माण स्थल की पूजा के बाद चिन्हित मूर्ति का शुद्धिकरण किया गया और रामलला की आंखों पर पट्टी बंधी गई। यह पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी. आज रामलला की मूर्ति मंदिर परिसर में प्रवेश करेगी. मूर्ति को पूरे परिसर का भ्रमण कराया जाएगा। उसके बाद के सभी अनुष्ठान परिसर के अंदर ही होंगे।

कल (18 जनवरी) को होने वाला अनुष्ठान

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले शुरू अनुष्ठान का आज दूसरा दिन है। बुधवार को संकल्प, गणेशाम्बिका पूजन, वरुण पूजन, मातृ का पूजन, सप्त घृत मातृका पूजन, आयुष्य मंत्रजप, नंदी श्राद्ध, आचार्यादिऋत्विग्वरण, मधुपर्कपूजन, मंडप प्रवेश, दिग्दर्शन, मंडप वास्तु पूजन, वास्तु बलिदान, मंडप सूत्रवेष्टन, दुग्धधारा, जलधाराकरण, षोडष स्तंभ पूजन, षोडश स्तम्भ पूजन, जलाधिवास और गंधादिवास होगा।

प्रतिदिन तैयार होंगे 44 हजार पैकेट प्रसाद

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मुख्य अतिथियों के साथ ही साथ आए राम भक्तों को भी प्रसाद देने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए रोज 72 हजार बूंदी के पैकेट तैयार किए जाएंगे। हरियाणा के फरीदाबाद से कारीगरों के साथ ही पैकिंग मशीन भी आई है। यहां पर अभी दो मशीने लगी है। एक मशीन एक मिनट में 50 प्रसाद का पैकेट तैयार करता है। दोनों मशीनों से रोज करीब 44 हजार प्रसाद के पैकेट तैयार किए जाएंगे।

केरल के गुरुवायूर...

कलाकारों को सम्मानित भी किया। केरल के दौरे पर प्रधानमंत्री त्रिप्रयार श्रीराम मंदिर गए और दर्शन किए। उन्होंने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड से जुड़े 4000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी मंगलवार 16 जनवरी की शाम केरल पहुंचे थे। शाम को 1.3 किमी के रोड शो के बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की।

अयोध्या से कोलकाता...

श्री अयोध्या जी आने वाले समय में देश व दुनिया की टूरिस्ट डेस्टिनेशन के लिए सबसे प्रमुख सिटी होने जा रही है। श्री अयोध्या जी में 04 लेन कनेक्टिविटी हो, श्री अयोध्या जी रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य से जुड़े, सरयू जी में क्रूज सेवा प्रारंभ हो और श्री अयोध्या जी में इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो। यह 05-06 वर्ष पहले एक कल्पना थी, लेकिन आज यह एक हकीकत है। उन्होंने कहा कि बीते नौ साल में यूपी एयर कनेक्टिविटी में एक प्रमुख राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश में अब चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हो गए हैं।

दो युवकों ने..

कि विमलेश पिछले कुछ समय से बीमार चल रहा था इस कारण वह मानसिक रूप से भी परेशान था।

वही थाना दादरी क्षेत्र के अजायबपुर गांव में (26 वर्षीय) शोभी पुत्र कन्हैया ने फांसी लगाकर जान दे दी घटना के समय परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे घर वापस लौटने पर उन्हें शोभी फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। थाना प्रभारी बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है परिजन भी आत्महत्या की कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं।

प्रभारी मंत्री ने मंदिरों ...

सेक्टर-126 में साफ सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव,कार्यक्रम संयोजिका गिरिजा सिंह जी,मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौहान, सत्यनारायण महावर, गोपाल गौड़, अमित नागपाल,मधु मेहरा,धीरज मकवाना,चंद्रमा प्रधान विनोद पारिक,नरेश शर्मा,दीपक शर्मा,नीरज चौहान ओमपाल राणा उपस्थित रहे।

बेटी की हत्या कर...

पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि रचना कुमारी अपने पति तेजेंद्र के साथ 6 दिन पूर्व भी इस मकान में रहने के लिए आई थी। मौके से रचना का पति तेजेंद्र लापता था। पुलिस ने मृतका रचना के परिजनों को हादसे की सूचना दी।

थाना प्रभारी ने बताया की रचना के पिता शोभरन ने अपने दामाद के खिलाफ दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इटावा निवासी शोभरन ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व अपनी बेटी रचना का विवाह आगरा के पछाया गांव निवासी तेजेंद्र के साथ किया गया था। 6 दिन पूर्व तेजेंद्र रोजगार की तलाश में ग्रेटर नोएडा आया था। इसके बाद से उनका अपनी बेटी से को संपर्क नहीं हुआ था।

थाना प्रभारी ने बताया कि रचना के गले पर उंगलियों के निशान मिले हैं। आशंका है कि रचना की गला घोंटकर हत्या की गई है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। घटना के बाद से ही तेजेंद्र फरार चल रहा है और उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस तेजेंद्र की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

विधवा महिला के...

दर्शन उनकी बेटी भूरी, बेटा अमित व अन्य लोग उसके घर पहुंचे। इन लोगों ने उसके घर की दीवार को तोड़ना शुरू कर दिया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान चचिया सास ने उसके सिर पर हथौड़े से वार कर उसे घायल कर दिया ।

पीड़िता का आरोप है कि उसके गुप्तांग पर भी लात मारी गई। आरोपियों की मारपीट से वह घायल होकर गिर गई जिसके बाद आरोपियों ने उसके घर में जमकर तोड़फोड़ की। गाली-गलौज व शोर शराब सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता के मुताबिक पूर्व में भी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में पूर्व में भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था आरोपी उसके घर पर जबरन कब्जा करना चाह रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

शादी के छप गए...

कोई दानदहेज नहीं चाहिए। दोनों पक्षों की सहमति से 11 जून 2023 को शादी की तिथि तय हुई। इस दौरान दोनों पक्षों में तय हुआ की विवाह की रस्म ग्रेटर नोएडा स्थित उद्गम होटल में पूरी की जाएगी। जिसका खर्च दोनों पक्ष आधा-आधा देंगे।

मीना के मुताबिक उसके पिता ने 4 लाख 52 हजार रूपये होटल में एडवांस जमा कर दिए और विवाह के कार्ड छपवाकर सभी रिश्तेदारों और मित्रों में बंटवा दिए। 29 मई को अभिषेक मिश्रा की मां मीना मिश्रा एवं छोटे भाई अभिनव मिश्रा ने फोन कर कहा कि वह कोई गृहस्थी का सामान दहेज में नहीं मांग रहे हैं। इसलिए उन्हें होटल का पूरा खर्च तथा विवाह पूर्व 10 लाख रुपए देने होंगे। मीना अवस्थी के मुताबिक उसके पिता ने जब इतनी बड़ी रकम देने से इंकार कर दिया तो अभिषेक उसके परिजनों ने कहा कि पैसे नहीं मिले तो शादी नहीं हो पाएगी। इसके बाद इन लोगों ने उनसे सभी प्रकार के संपर्क बंद कर दिए। 6 जून को उसकी मां अभिषेक मिश्रा के घर पहुंची जहां उन लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें बैरंग लौटा दिया। अभिषेक मिश्रा और उसके परिजनों की इस हरकत से उसके माता-पिता की हालत बिगड़ गई जिसके बाद वह कानपुर चले आए। इस दौरान वर-पक्ष से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने उनके सभी नंबर ब्लॉक कर दिया। मीना अवस्थी के मुताबिक दहेज की मांग पूरी न होने पर अभिषेक मिश्रा व उसके परिजनों ने शादी नहीं कि जिस कारण परिवार और समाज में उनका भारी अपमान हुआ है। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ दहेज अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

किशोरी को फिर...

राकेश के मुताबिक बीते 24 जुलाई 2023 को सचिन अपने साथी राजेश उमेश के साथ मिलकर उसकी बेटी को जबरन अपने साथ ले गया था। इस संबंध में उसने थाना ईकोटेक 3 में तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उसकी बेटी को बरामद कर लिया था चिकित्सा परीक्षण और बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बलात्कार व पोस्को एक्ट की धाराओं में बढ़ोतरी की गई थी। राकेश ने आशंका जताई है कि सचिन व उसके भाई उसकी बेटी की हत्या कर सकते हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना सेक्टर-63 में 25 फीट रोड पर रहने वाली कामिनी (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 13 वर्षीया बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

नलगढ़ा में करोड़ों की...

अनुसार इस जमीन को नियोजित करते हुए सेक्टर-145 में शामिल किया गया। इस जमीन का एरिया करीब 8000 वर्गमीटर है। इसकी अनुमानित लागत करीब 5 करोड़ रुपए है। जमीन को अवैध तरीके से अपनी जमीन बताकर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था।

जानकारी मिलते ही सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक की अगुवाई में प्राधिकरण पुलिस और जेसीबी का दस्ता मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माण को हटाया। साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा से वे अवैध निर्माण या प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए प्रथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों से हल्की नोकझोंक हुई।

शराब की दुकान में...

04:50 बजे फ़ायर स्टेशन साहिबाबाद को मोहननगर स्थित राजीव कालोनी में एक शराब दुकान में आग की सूचना मिली थी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर स्टेशन साहिबाबाद से अग्निशमन अधिकारी सहित 01 फायर टैंकर यूनिट सहित घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। फायर यूनिट ने घटनास्थल पर पाया कि शराब की दुकान में भीषण आग लगी है। जिसके बाद फायर यूनिट ने दुकान का शटर और जाली तोड़ी और दुकान में प्रवेश किया। इस दौरान पाया कि दुकान के अंदर एक आदमी अचेत अवस्था में पड़ा था। जिसको तत्काल बाहर निकाला कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही दूसरी ओर फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग शुरू किया। लगभग एक घन्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान अनुज निवासी सीतापुर के रूप में हुई है। जो शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था।

उत्तर मध्य रेलवे G20
पत्रांक - 182-मेड/कानपुर/2023/पैथोलॉजी
दिनांक : 15.01.2024
अभिरूचि की अभिव्यक्ति
प्रथम शुद्धि पत्र
उपमंडली चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर में बहिस्रोतों द्वारा पैथोलॉजी जाँच सेवायें प्रदान करने हेतु विज्ञापन
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर पैथोलॉजी जाँच से सम्बन्धित योग्य पैथोलॉजी सेन्टर से जो इस कार्य से सम्बन्धित अपना पैथोलॉजी सेन्टर चला रहें है। ऐसे इच्छुक योग्य पैथोलॉजी सेन्टर संचालकों से इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के पन्द्रह दिन के अन्दर C.G.H.S. (N.A.B.L. नॉन N.A.B.L) वर्ष NCR 2014 updated on 6th May 2021 कानपुर की दरों पर ऑफर आमंत्रित किये जाने थे। उक्त **इक्कीस (21) दिन को तीस दिन (30) माना जाए।** इसकी नियम व शर्ते पूर्ववत हैं।
2067/23 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrly CPRONCR

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

सांसद ने कई गांवों का दौरा का किया जनसंवाद

नोएडा (चेतना मंच)। 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रमों के दौरान गौतमबुद्धनगर के सांसद डा. महेश शर्मा ने जेवर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनसिया, दस्तमपुर, गढी अली अहमदपुर उर्फ गढी, चक जहांगीरपुर, लौदाना, जहांगीरपुर जेवर कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय लोगों से संवाद किया। साथ ही केन्द्र व उप्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी।

डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट की स्थापना की। टी.एच.डी.सी. पॉवर प्लान्ट लगाया गया। जल्द ही अब क्षेत्र में 24 घंटे बिजली उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो संकल्प लिया था वह 22 जनवरी 2024 को साकार होने जा रहा है एवं अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य कर मूर्ति प्राण की जायेगी यह संभव डबल इंजन की सरकार में ही हुआ है। यह ताकत आपने अपना वोट भारतीय जनता पार्टी को देकर इस सपने का साकार किया है। आने वाली 22 जनवरी 2024 को आप सभी अपने-अपने घरों पर दीप जलाकर भगवान राम का आगमन करेंगे।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, संजय रावत मण्डल अध्यक्ष जेवर, देवेन्द्र भारद्वाज, उदयवीर चौधरी पूर्व मण्डल अध्यक्ष रबुपुरा, धर्मेन्द्र भाटी पूर्व जिलामंत्री, प्रदीप अत्री, संजीव शर्मा, बॉबी शर्मा, विकास चौधरी, त्रिलोक प्रधान, नरेश त्यागी, भोले चौधरी, राजू प्रधान भवोकरा, कृष्ण प्रधान, अतिश प्रधानगढी, रोहित ठाकुर धनसिया आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

ग्रेटर नोएडा पत्नी की हत्या कर पति फरार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। यूपी के इटावा जनपद से अपने पति के साथ ग्रेटर नोएडा में जिंदगी गुजारने के लिए आई 22 वर्ष की रचना को नहीं मालूम था कि ग्रेटर नोएडा में मात्र छह दिन के भीतर ही उसकी जिंदगी का अंत हो जाएगा। मृतक रचना का पति भी फरार चल रहा है, जिसे ग्रेटर नोएडा पुलिस तलाश कर रही है।

आपको बता दें कि इटावा के पचगांव निवासी 22 साल की रचना कुमारी की शादी तीन साल पहले आगरा के गांव पछाया निवासी तेजेंद्र के साथ हुई थी। रचना और तेजेंद्र की कोई संतान नहीं है। रचना कुमारी छह दिन पहले ही अपने पति तेजेंद्र के साथ ग्रेटर नोएडा आई थी। दंपत्ति ने ग्रेटर नोएडा के गांव तुलकपुर में बीरम सिंह का मकान किराये पर लिया था। दोनों एक साथ रहने लगे, लेकिन मंगलवार की शाम एक ऐसी घटना घटी, जिसने सभी को झकझोर दिया। रचना कुमारी की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद से रचना का पति तेजेंद्र गायब चल रहा है। उसका मोबाइल भी बंद है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई है।

संभावना जताई जा रही है कि तेजेंद्र काम की तलाश में ग्रेटर नोएडा आया था। मंगलवार की शाम करीब छह बजे मकान मालिक बीरम सिंह ने महिला की हत्या की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो पता चला कि रचना का शव कमरे में पड़ा है। जबकि उसका पति वहां मौजूद नहीं था। रचना के गले पर निशान थे।

पुलिस का कहना है कि रचना की गला दबाकर हत्या की गई है। एसीपी रामकृष्ण तिवारी का कहना है कि मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई। एफएसएल टीम ने भी निरीक्षण किया है। पति के नहीं मिलने और मोबाइल बंद होने से उस पर हत्या कर फरार होने का शक है। मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है। जल्द वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

नोएडा की सड़कों पर किसानों का सैलाब, बोले इस बार करेंगे 'वोट से चोट'

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान परिषद के आह्वान पर मंगलवार को एक बार फिर किसानों का सैलाब नोएडा की सड़कों पर उमड़ पड़ा। नोएडा प्राधिकरण में लंबित मांगों तथा दादरी के एनटीपीसी योजना से प्रभावित गांवों के किसानों ने मंगलवार को नोएडा में बड़ा प्रदर्शन किया। किसानों ने इस बार ऐलान किया है कि, लोकसभा चुनाव 2024 में 'वोट से चोट' कर जवाब दिया जाएगा।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के आह्वान पर आज बड़ी संख्या में नोएडा और दादरी के किसानों ने प्रदर्शन किया। किसान सुबह स्पाइस मॉल के पास एकत्रित हुए और वहां से उन्होंने नोएडा के सेक्टर 27 स्थित डीएम के कैंप कार्यालय तक जुलूस निकाला। किसानों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कूच के दौरान हुई धक्का मुक्की में एक वृद्ध किसान सड़क पर गिर गए और उनके सिर पर चोट आ गई। किसान हाथों में बैनर व पोस्टर लेकर जनप्रतिनिधियों के रवैये के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष, किसान नेता सुखबीर खलीफा ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण ओर एनटीपीसी पूरी तरह अलोकतांत्रिक रवैया अपना रही है। दोनों ही किसानों की बात सुनने को राजी नहीं हैं। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में 10 प्रतिशत आबादी भूखंड, कमर्शियल गतिविधियों व अन्य कुछ प्रस्ताव पास हो चुके हैं, लेकिन उन्हें अभी प्राधिकरण लागू नहीं कर रहा है। वहीं एनटीपीसी से प्रभावित 105 गांवों के किसानों की समस्याओं के निपटारे के लिए डीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी, जिसकी सिफारिशों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आज किसानों ने अपनी बात इस जिले के मालिक को बताने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि एनटीपीसी मुख्यालय के सामने 18 दिसंबर 2023 से किसान कड़ाके की ठंड में बैठे हुए हैं, इसके बावजूद अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि किसानों की सुध लेने नहीं आया। सुखबीर खलीफा ने चेतावनी दी चाहे हमें दिल्ली कूच करना पड़े या नोएडा प्राधिकरण या एनटीपीसी पर ताला लगाना पड़े, हम अपना हक लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसान इस बार लोकसभा चुनाव में 'वोट से चोट' करेंगे। किसानों के इस प्रदर्शन के कारण काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल रहा। नोएडा की कई सड़कों पर काफी देर तक ट्रैफिक जाम की भी समस्या से वाहन चालकों को जूझना पड़ा।

16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

सामूहिक विवाह योजना

नोएडा (चेतना मंच)। सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कुल 16 जोड़ों का धार्मिक विधि.विधान से सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के 05, अल्पसंख्यक वर्ग के 01, अन्य पिछड़ा वर्ग के 08 व सामान्य वर्ग के 02 जोड़ो ने प्रतिभाग किया। सभी जोड़े विकासखण्ड बिसरख, दादरी, जेवर व दनकौर के निवासी थे।

इस मौके पर श्रीमती अप्रीत कौर ब्लॉक प्रमुख, बिसरख, शैलेन्द्र बहादुर सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, लवेश सिसोदिया जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आशीष कुमार सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

युवक कांग्रेस के विजयी पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

नोएडा (चेतना मंच)। हाल ही में जीते युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों का सेक्टर-12 में सम्मान समरोह किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष जावेद खान,नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नीरज आवाना, प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन का संयुक्त रुप से जिला व शहर कांग्रेस के नेताओं ने जिले से निर्वाचित व चुनाव जीतने पर फूलमाला पगड़ी पहनकर स्वागत अभिनंदन किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता पूनम पंडित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार भारती, जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अभिषेक जैन ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित आवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यत्येंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र अमबावत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दयाशंकर पांडे, इंद्रजीत तिवारी, विक्रम चौधरी, वीरेंद्र मुखिया, योगेंद्र भाटी लडपुरा, गुलफाम, दिल्ली प्रदेश के केकेसी अध्यक्ष देव कुमार, सुशील रावत, राजू चौहान, गौरव आधना, रामचंद्र गुप्ता, शेखर अग्रवाल, परवेज, प्रेम शाह, टीजे, सलमान, सुमित जाटव, उमर, पूनम, जीशान चौधरी, प्रिंस पंडित, पूजा जाटव, हाजी अली शेर खान पहलवान, दानिश, रिजवान, इमरान, शकील चौधरी, अर्जुन, अरुण, अमित शर्मा, मौसमी, सुमन, रोहित शर्मा, नरेंद्र, अभय, रोहित सिंह, अभिषेक अदानी, रवि गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

सिलाई मशीन मिलने पर खिल उठे चेहरे

बागपत। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में ब्राह्मण पंचायत एवं विचार गोष्ठी तथा शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बागपत ही नहीं समस्त भारतवर्ष में समाज के गरीब तबकों की मदद में लगा रहता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने बताया आज के कार्यक्रम में जनपद बागपत के संगठन का विस्तार किया गया जिसमें राजेश शर्मा को जिला अध्यक्ष आरती शर्मा को जिला अध्यक्ष महिला विंग व विजय शर्मा को जिला अध्यक्ष युवा विंग नियुक्त किया और जिला कमेटी व नगर कमेटी का भी गठन किया गया। कार्यक्रम में समाज की गरीब महिलाओं को गर्म कंबल दिए गए तथा कुछ महिलाओं को जीविका चलाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की गई।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सचिव सुनील शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव आदेश फौजी वेद प्रकाश शर्मा, रेनू शर्मा, कपिल शर्मा, कुसुम, नीरज, मुक्ता शर्मा, गीता शर्मा, पूजा शर्मा, मोनिका शर्मा आदि कैसे बहन भाई रहे।

एमिटी विवि. में भारतीय वन सेवा अधिकारियों की कार्यशाला

नोएडा (चेतना मंच)। एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ नैचुरल रिसोर्सेज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट द्वारा भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए 'भारत में लकड़ी के उत्पादन और उपभोग पैटर्न और भविष्य के दायरे' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हरियाणा, कर्नाटक, उड़ीसा, गुजरात और अन्य सहित विभिन्न संवर्गो के 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सीएएमपीए के सीईओ और अतिरिक्त महानिदेशक सुभाष चंद्रा ने कहा कि हाल के दिनों में वनों से संबंधित कई मुद्दे सामने आये है जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है जैसे कि हरित आवरण को कैसे बढ़ाया जाये, वन प्रमाणन और कानूनों से संबंधित समस्याओं पर भी। नवोन्मेषी सोच और नए जमाने की रणनीतियों को विशेष रूप से कौशल विकास और ग्रामीण बाजार के उपयोग में लागू करने की आवश्यकता है।

एमिटी सांइस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा. डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि लकड़ी का उत्पादन, उसके खपत की अनुपात में होना चाहिए।

एमिटी स्कूल ऑफ नैचुरल रिसोर्सेज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट के निदेशक डा एस पी सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उददेश्य वन अधिकारियों को भारत वन क्षेत्र की चुनौतियों में समाधान प्रदान करने के लिए बातचीत करने और विचारों का आदान प्रदान करने का अवसर प्रदान करना है।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की लखनऊ हनुमान सेतु मंदिर में सफाई

लखनऊ, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में

जाकर मंदिर की सफाई व स्वच्छता का कार्य किया। उन्होंने स्वच्छ तीर्थ अभियान के अन्तर्गत श्रमदान किया। इस अवसर पर राजनाथ सिंह का कहना था कि उन्होने प्रभु श्रीराम के अनन्य सेवक, हनुमानजी की सेवा करने का सौभाग्य मिला। राजनाथ सिंह ने एक चौपाई साझा करते हुए कहा, हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम, राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त देशवासियों से आह्वान किया है कि सभी लोग अपने आस पास के मंदिरों में स्वच्छता के लिए श्रमदान करें। इसी के अंतर्गत भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को राजधानी दिल्ली के गुरू संत रविदास के ऐतिहासिक मंदिर में झाड़ू लगाकर और सफाई कर पार्टी के %स्वच्छ तीर्थ स्वच्छता अभियान% में शामिल हुए थे। %स्वच्छ तीर्थ स्वच्छता अभियान% के तहत मंदिर में सफाई करने के बाद नड्डा ने कहा था कि पीएम मोदी के आह्वान पर पार्टी ने तय किया है कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी से शुरू कर 22 जनवरी तक पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता हरेक तीर्थस्थल और मंदिर के सफाई अभियान में शामिल होंगे और वहां भजन-कीर्तन भी करेंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक भाजपा ने देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने की योजना बनाई है।

लोकसभा चुनाव से पहले आप और कांग्रेस का मेयर चुनाव में गठबंधन

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही गठबंधन की चर्चाओं के बीच आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में चंडीगढ़ के मेयर चुनाव को लेकर एकता हो गई है। यहां दोनों पार्टियों ने भाजपा के मुकाबले अपना संयुक्त उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। इस समझौते के तहत फैसला हुआ है कि आम आदमी पार्टी मेयर सीट का चुनाव लड़ेगी। वहीं कांग्रेस ने सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का इलेक्शन लड़ने का फैसला किया है। तीनों ही पदों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे को समर्थन देंगे। आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार टीटा को संयुक्त उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया है, जो भाजपा के मनोज सोनकर से मुकाबले को उतरेंगे। चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव 18 जनवरी को होना है। चंडीगढ़ के कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी ने भी इस गठजोड़ की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, हां, हमने इस गठबंधन का फैसला लिया है क्योंकि भाजपा चंडीगढ़ में 8 सालों से मेयर के पद पर काबिज है। वह सदन में अपना ही एजेंडा चलाते हैं और यहां कोई लोकतांत्रिक माहौल नहीं रह गया है। इसके मुकाबले के लिए हमने गठबंधन करने का फैसला लिया है। लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दलों के यहां साथ आने का फैसला अहम है। बता दें कि पंजाब से लेकर दिल्ली तक लोकसभा सीटों की शेयरिंग को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में चर्चा चल रही है। पिछले सप्ताह खबर आई थी कि पंजाब में आप ने कांग्रेस को 6 सीटों का ऑफर दिया है। इसके अलावा दिल्ली में भी तीन सीटों पर लड़ने का मौका देने का प्रस्ताव दिया है। यही नहीं इसके एवज में आम आदमी पार्टी ने हरियाणा, गुजरात और गोवा जैसे राज्यों में चुनाव लड़ने को सीटें मांगी हैं। फिलहाल इस प्रस्ताव पर बात नहीं बन सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि पंजाब को लेकर पेच फंस सकता है। दिल्ली को लेकर तीन सीटों के ऑफर पर कांग्रेस आसानी से तैयार हो सकती है।

सीएम योगी ने दीवार पर उकेरा कमल का फूल, बीजेपी कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

गोरखपुर, एजेंसी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बीजेपी के वॉल पेंटिंग अभियान में हिस्सा लिया। गोरखपुर में धर्मशाला रोड स्थित विश्वकर्मा पंचायत की दीवार पर उन्होंने कमल का फूल उकेर दिया। फूल के नीचे लिखा है एक बार फिर मोदी सरकार। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने उनसे बढ़चढकर वॉल पेंटिंग अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि इस शीतलहरी में भी कार्यकर्ताओं का जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जी-जान से जुट जाने का आह्वान किया। गोरखपुर दौरे पर आए सीएम योगी ने इसके पहले गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और वहां मौजूद अधिकारियों को समाधन के लिए निर्देशित किया। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों को हर वह सुविधाएं दिलाएं जिसके वे हकदार हैं। कहा कि इलाज के लिए आने वाले आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभाग को कार्रवाई के लिए आगे बढ़ाएं।

जारांगे-पाटिल ने बताया अपना अंतिम संघर्ष, 26 जनवरी से मुंबई में भूख हड़ताल

मुंबई, एजेंसी। मराठाओं के लिए आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल ने जालना से मुंबई तक मार्च करने का फैसला किया था। उन्होंने इस मार्च को अंतिम संघर्ष बताया है। उन्होंने कहा कि वह 26 जनवरी को भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उनकी यह भूख हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार उनकी मांगों नहीं मान लेती। पाटिल अब अपना मार्च निर्धारित दिन से चार दिन पहले शुरू करेंगे। वह 20 जनवरी को मार्च शुरू करेंगे और 26 जनवरी को अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। मराठा कार्यकर्ता ने इसे एक हाइब्रिड मार्च बनाने का भी फैसला किया, जहां उनके साथ आंदोलनकारी पैदल चलेंगे और सात दिनों के भीतर मुंबई पहुंचेंगे। इस यात्रा में वह वाहनों का उपयोग करेंगे। 26 दिसंबर को किया था भूख हड़ताल का फैसला जारांगे-पाटिल सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कई बार भूख हड़ताल की है। पिछली बार वरिष्ठ मंत्रियों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों वाले एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल द्वारा आश्वस्त किए जाने के बाद उन्होंने अपनी भूख हड़ताल खत्म की थी। उन्होंने सरकार को 24 दिसंबर तक मांग पूरी करने का अल्टीमेटम दिया

था। जब सरकार द्वारा उनकी मांग पूरी नहीं की गई तब 26 दिसंबर को जारांगे ने फैसला किया था कि 24 जनवरी से वह अंशन पर बैठेंगे। सोमवार को जारांगे-पाटिन ने योजना का विवरण दिया और कहा कि पैदल मार्च 20 जनवरी से शुरू होगा। अपने इस मार्च में जारांगे दिन की शुरुआत तीन से चार घंटे पैदल चलकर करेंगे और दोपहर के भोजन के बाद शेष दिन के लिए वाहनों से यात्रा करेंगे। क्या है जारांगे-पाटिक के मार्च का प्लान पहले दिन, मार्च जालना के अंतरवाली सारथी गांव से शुरू होकर बीड जिले के शिरूर तक 82 किलोमीटर तक चलेगा। दूसरे दिन अहमदनगर के करंजी घाट तक, तीसरे दिन पुणे के रंजनगांव तक, चौथे दिन पुणे के चंदन नगर तक, पांचवें दिन लोनावाला तक और छठे दिन के अंत तक पनवेल पहुंचेगी। 26 जनवरी को वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने के लिए या तो पनवेल से या चेंबूर से आजाद मैदान या शिवाजी पार्क तक पैदल यात्रा शुरू करेंगे। मार्च को पाटिल ने बताया अंतिम संघर्ष जारांगे पाटिल ने घोषणा की कि मराठा आरक्षण के लिए यह उनका अंतिम संघर्ष है। उन्होंने कहा, हम मरते दम तक वहां (आजाद मैदान या शिवाजी पार्क) से नहीं हटेंगे। यह हमारा अंतिम संघर्ष है और विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों की संख्या पर राज्य सरकार की सभी गणनाएं विफल होने जा रही हैं।

अयोध्या नहीं जा पा रहे तो कोई बात नहीं, लखनऊ में भी बनेगा राम मंदिर; मॉडल तैयार

लखनऊ , एजेंसी। राम मंदिर को देखने अयोध्या नहीं जा पा रहे हैं तो कोई बात नहीं है। लखनऊ में ही आप राम मंदिर का दीदार कर सकेंगे। वह भी बहुत जल्दी। हुबहू लोहे के स्क्रैप से मंदिर का मॉडल बनकर तैयार हो गया है। इसे ताज होटल के पीछे एलडीए के यूपी दर्शन पार्क में बनाया गया है। सीएम के लोकार्पण करने के बाद यह पब्लिक के लिए खोल दिया जाएगा। पहले एलडीए ने सीएम से इसके लोकार्पण के लिए 15 व 16 जनवरी का समय मांगा, लेकिन समय नहीं मिला। अयोध्या के राम मंदिर जैसा ही एक और मंदिर का मॉडल राजधानी में तैयार हुआ है। यह देखने में बिल्कुल राम मंदिर जैसा है। यह इतना खूबसूरत दिखता है कि वहां पहुंचने पर कोई कह ही नहीं सकता है कि यह स्क्रैप का बना है। इसे बनाने वाले कारीगरों का भी कमाल है। जिन्होंने बड़ी मेहनत से मंदिर के माडल को हूबहू गढ़ा है। मंदिर लोहे के कबाड़ से बनाया गया है। वैसे तो यूपी दर्शन पार्क में ताज महल भी है और काशी विश्वनाथ मंदिर का माडल भी है। यूपी दर्शन पार्क में राम मंदिर ही नहीं अन्य सभी माडलों का निर्माण स्क्रैप से ही किया गया है। इसमें खराब लोहे की शीट, बिजली के खम्भे, खराब पाइप आदि का इस्तेमाल किया गया है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने व्यापक फिल्म नीति को मंजूरी दी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक व्यापक फिल्म नीति को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य सिनेमाई अन्वेषण को बढ़ावा

देना और राज्य को पसंदीदा फिल्म निर्माण स्थल के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के हवाले से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, हिमाचल प्रदेश में फिल्म शूटिंग के लिए समृद्ध संस्कृति, इतिहास, सुरम्य स्थान और हर मौसम के अनुकूल स्थान हैं। राज्य में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों की शूटिंग हुई है। सरकार का इरादा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने का है ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को फिल्म निर्माण के अवसर प्रदान करने के अलावा स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें।इसमें कहा गया कि हिमाचल को फिल्म निर्माण के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने, फिल्मों के माध्यम से राज्य की संस्कृति, इतिहास, विरासत, परंपराओं और मनोरम अनछुए स्थानों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए फिल्म नीति बनाई गई है।बयान में कहा गया है, नीति का लक्ष्य फिल्म उद्योग के माध्यम से अतिरिक्त पूंजी निवेश आकर्षित करना है। सूचना और जनसंपर्क विभाग में एक फिल्म सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा जो अनुमति के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करेगा, जिससे तीन कार्य दिवसों के भीतर एक त्वरित ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।

इसमें कहा गया है कि इससे उत्पादकों को आवश्यक अनुमति प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेब पोर्टल से जुड़े एक केंद्रीय भंडार के रूप में काम किया जा सकेगा।बयान में कहा गया है, फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधाओं के साथ अधिक विकसित शूटिंग स्थानों की पेशकश की जाएगी और राज्य निजी कंपनियों को प्रोडक्शन हाउस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जो उपलब्ध सुविधाओं की ऑनलाइन सूची रखेंगे।इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार राज्य में कम से कम 50 प्रतिशत शूटिंग के साथ गुणवत्ता वाली फिल्मों के लिए वार्षिक फिल्म पुरस्कार स्थापित करेगी।बयान में कहा गया है, इसके अलावा, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से प्रदर्शन कला और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शामिल होने वाले राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को भी कलाकार प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहित किया जाएगा।इसमें कहा गया है कि सरकार का इरादा राज्य की प्रतिभा का पोषण करना और उन्हें संबंधित क्षेत्र में नौकरी के अवसर प्रदान करना है।

अयोध्या में भगवान राम से प्रदेश को बेरोजगारी, महंगाई, नशे से मुक्ति दिलाने का आशीर्वाद मांगा: दीपेन्द्र हुड्डा

चंडीगढ़, एजेंसी। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने 16 जनवरी को रोहतक से घर-घर कांग्रेस अभियान शुरु करने से पहले मकर संक्रांति के मौके पर दोबारा अयोध्या में रामलला की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और भगवान् रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने समस्त हरियाणावासियों की ओर से भगवान् राम से प्रार्थना की कि प्रदेश में शांति और भाईचारा बना रहे। उन्होंने भगवान् श्रीराम से हरियाणा की जनता की सेवा करने का आशीर्वाद माँगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी जाकर हनुमान जी के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहाकि भगवान राम सबके हैं और करोड़ों लोगों के मन में बसते हैं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा में साल 2005 में राजनीति में आया तब से लेकर आज तक हजारों जनसभाएं, रैली की और हर रैली, सभा में मौजूद जन मानस का अभिवादन राम-राम से किया। आज उन्होंने भगवान् राम से प्रार्थना की कि देश में अमन और भाईचारे का वातावरण बना रहे। पारस्परिक सद्भावना के साथ हर देशवासी स्वस्थ और प्रसन्न रहें। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कृपा से समस्त भारतवासी महंगाई, बेरोजगारी और नशे जैसी बुराईयों से मुक्त होकर शांति के साथ अपना जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहाकि हरियाणा वो प्रदेश है जहां परस्पर अभिवादन भी राम-राम के साथ करते हैं।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले का गर्देवाडा में 1947 के बाद पहली बार पहुंची पुलिस

गढ़चिरौली , एजेंसी। भारत में लोकतंत्र की स्थापना को 75 साल बीत गए हैं, लेकिन सोमवार को पहली बार देश के एक हिस्से में पुलिस की पहुंच बन पाई। यह इलाका कोई सुदूर द्वीपीय या तटीय क्षेत्र नहीं है बल्कि महाराष्ट्र के ही गढ़चिरौली जिले का गर्देवाडा है। नक्सल प्रभावित इस इलाके में आज तक पुलिस की पहुंच नहीं थी। पहली बार यहां एक चौकी बन सकी है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमांत इलाके में स्थित इस जिले में नक्सलियों का बहुत ज्यादा प्रभाव रहा है और सुरक्षा बलों पर यहां भीषण हमले होते रहे हैं। अब जो चौकी यहां बनी है, वह माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस लिहाज से नक्सलियों से निपटने के मामले में यह चौकी अहम होगी।

इस पुलिस चौकी की स्थापना के लिए करीब 600 कमांडो गए थे। इस दौरान वे वे लैंडमाइंस और झाड़ियों में नक्सलियों के छिपे होने की आशंका पर भी निगरानी रखते रहे। इस दुर्गम इलाके में जाकर पुलिस चौकी स्थापित करना इतना कठिन काम था कि इन कमांडोज को 60 किलोमीटर तक पैदल चलकर गर्देवाडा पहुंचना पड़ा। यही नहीं वहां पहुंचकर

करीब 1500 लोगों को काम पर लगाया गया और तेजी से काम करते हुए एक ही दिन में पक्की चौकी बना दी गई। इस परिसर में पुलिसकर्मियों के रहने के लिए भी पर्याप्त सुविधा होगी और वहां मजबूत सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

यह चौकी रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम होगी क्योंकि यह पूर्वी विदर्भ के इटापल्ली तालुका में है, जो अबूझमाड़ के करीब है। दूसरी तरफ यह छत्तीसगढ़ के कांकेर में स्थित मरबेड़ा पुलिस कैंप से भी 5 ही किलोमीटर की दूरी पर है। इस इलाके को माओवादियों की गुफा के तौर पर जाना जाता रहा है। यहां नक्सलियों के ट्रेनिंग कैंप रहे हैं। इसके अलावा अपने हथियारों को भी वे यहां छिपाते रहे हैं। इसकी वजह यह है कि वे इस इलाके को अपने लिहाज से बेहद सुरक्षित मानते हैं क्योंकि सुरक्षाबलों की अब तक यहां पहुंच नहीं थी।

गरडेवाड़ा 2019 में उस वक्त चर्चा में आया था, जब लोकसभा चुनाव के दौरान माओवादियों ने एक पोलिंग कैंप में अफरातफरी मचा दी थी। यहां माओवाजियों ने तीन ब्लास्ट किए थे। यहां पर एक बड़ा नाला भी बहता है, जिसमें बरसात के दौरान काफी पानी रहता है। इसके चलते यह इलाका साल में कई महीनों तक शेष हिस्से से कटा हुआ रहता है। ऐसी स्थिति में माओवादियों के लिए यहां छिपना आसान होता है। कहा जा रहा है कि इस पुलिस चौकी की स्थापना के बाद पुल भी बनाया जाएगा।

सर्दी की मार- घने कोहरे से उड़ानें व ट्रेनें बाधित, दिल्ली में शीत लहर जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में कोहरे की मोटी परत छाई रही और शहर मंगलवार की सुबह भी ठंड से जूझ रहा है और न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से चार डिग्री कम है। चार दिनों से न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है और बुधवार तक शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रह सकता है। आईएमडी ने बहुत घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है, इससे हवाई और जमीनी यातायात भी प्रभावित हुआ है, इससे उड़ानों और ट्रेनों में कई देरी हुई है। 70 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है और कई के रद्द होने की खबर है। यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की गई है, इसमें कहा गया है, जबकि दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग और टेकऑफ़ जारी रहेगा, जो उड़ानें सीएटी श्री के अनुरूप नहीं होंगी, वे प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अद्यतन उड़ान जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें।

किसी भी असुविधा के लिए गहरा खेद है। इसके अलावा, 30 ट्रेनें देरी से चल रही हैं, इनमें अधिकतम छह घंटे से अधिक की देरी है। सुबह 7 बजे पालम हवाई अड्डे पर 100 मीटर और उसके आधे घंटे बाद 00 मीटर दृश्यता दर्ज की गई, जबकि सफदरजंग हवाई अड्डे पर 50 मीटर दृश्यता दर्ज की गई। शहर भर के कई स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में पीएम2.5 का स्तर 424 पर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया और पीएम10 का स्तर 245 या खराब पर पहुंच गया।

पहले कहा था प्राण प्रतिष्ठा पर जाऊंगा अयोध्या, आलाकमान का रुख देख पलटे विक्रमादित्य

जयपुर, एजेंसी। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्टों में श्रीराम का उद्घोष करने वाले हिमाचल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह अब 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशों के बाद विक्रमादित्य सिंह ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से इनकार कर दिया है। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि वह अयोध्या में राम लला का दर्शन और उनका आशीर्वाद लेने जरूर जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस हाईकमान अपना रुख साफ कर चुका है। पार्टी के निर्देश उनके लिए मान्य हैं।

गौर करने वाली बात यह कि कांग्रेस हाईकमान की ओर से पार्टी के किसी भी नेता को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अयोध्या जाने से मना नहीं किया गया है। हाईकमान का कहना है कि जो भी इस कार्यक्रम में जाना चाहता है वह स्वतंत्र है। विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया कि अयोध्या में राम मंदिर बनना हिंदुओं के लिए गर्व का पल है। इसे सियासी नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि उनकी राम में आस्था है। वह रामलला का आर्शीवाद लेने अयोध्या अवश्य जाएंगे। इसके साथ ही जगन्नाथपुरी, महाकाल, तिरूपति नाथ और द्वारिका जैसे ऐतिहासिक मंदिरों के भी दर्शन करेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह कांग्रेस के कर्मठ कार्यकता हैं। कांग्रेस की विचारधारा उनकी विचारधारा है। कांग्रेस ने देश को बांटने वाली सांप्रदायिक ताकतों का विरोध किया है और आगे भी करती रहेगी। वर्ष 1989 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रामलला के मंदिर का ताला तोड़ने का निर्णय लिया था। हमें भाजपा और आरएएस से हिंदू होने का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है।

विक्रमादित्य सिंह ने आगे कहा कि हिमाचल देवभूमि है। हिंदू होने के नाते हमारा दायित्व है कि हम अपनी देव संस्कृति को बचाकर रखें। उनके स्वर्गीय पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह देश में सबसे पहले धर्मांतरण का कानून हिमाचल प्रदेश में लेकर आए थे। बता दें कि विक्रमादित्य सिंह पूर्व सीएम दिवंगत वीरभद्र सिंह के सुपुत्र हैं। विक्रमादित्य सिंह की मां प्रतिभा सिंह प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष और लोकसभा सांसद हैं। विक्रमादित्य सिंह और प्रतिभा सिंह को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्यौता मिला है। विक्रमादित्य सिंह ने आठ जनवरी को कहा था कि वह रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

अवैध खनन के खिलाफ भजनलाल सरकार का ऐक्शन, 100 से ज्यादा मशीनें जब्त

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की भजनलाल सरकार अवैध खनन के खिलाफ ऐक्शन मोड में दिखाई दे रही है। राजस्थान में खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सोमवार से शुरू हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुये पहले दिन 100 से अधिक वाहन मशीनरी जब्त कर ली गई। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि आरंभिक सूचनाओं के अनुसार जयपुर टीम द्वारा अवैध खनिज परिवहन करते हुए जयपुर और दूदू के सांगानेर, फागी, रायसर, बासड़ी में कार्यवाही करते हुये छह ट्रैक्टर-ट्राली और एक एक्सक्लेटर मशीन जब्त कर संबंधित थानों को सौंप दिया गया। बता दें कि प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के लिए नया प्लान बनाया गया है। इस प्लान के तहत 15 जनवरी से पूरे प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अवैध खनन करते हुए पकड़े जाने पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इसको लेकर खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दे दिया है। अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान टोंक के उनियारा मोड़ पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 160 टन अवैध भण्डारित बजरी का स्टॉक जब्त किया गया है। इसके साथ ही एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गई हैं। झुन्झुनू में चार डंपर, एक ट्राली और एक जेसीबी जब्त की गई है। दौसा में छह

वाहन जब्त किये गये हैं, जिसमें दो ट्राली बजरी और दो मेसेनरी स्टोन का परिवहन करते हुए वाहन जब्त किया गया है। परबतसर में एक जेसीबी और एक ट्रक जब्त किया गया है। गोटन में एक डंपर और थांवला में एक जेसीबी और पांच ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। नीम का थाना में अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गयी है।

उदयपुर में अतिरिक्त निदेशक महेश माथुर के नेतृत्व में 10 वाहन जब्त किये गये हैं। इनमें एक डंपर, 3 ट्रेक्टर ट्राली और एक डंपर शामिल है। भीलवाड़ा में एक जेसीबी और 9 अन्य वाहन जब्त किए गए हैं। राजसमंद में 4 वाहन और खमनोर में अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया है। इसी तरह से हनुमानगढ़ में 3 डंपर.ट्रेलर जब्त किए गए हैं। डूंगरपुर में तीन वाहन जब्त कर सागवाड़ा पुलिस स्टेशन में सुपुर्द किये हैं। सिरोही में रेवदर तहसील में संयुक्त जांच के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए पांच वाहन जब्त किए गए हैं। बाड़मेर के गुडामालानी में आठ डंपर अवैध खनिज परिवहन करते हुए जब्त किए गए हैं। सोजत में तीन वाहन जब्त किए गए हैं। बूंदी पाटन के पास 100 टन अवैध भण्डारित बजरी जब्त की गई है। इसी तरह से प्रदेश के अन्य स्थानों से खनिज का अवैध परिवहन करते वाहन, मशीनरी की जब्ती के साथ ही अवैध खनन गतिविधियों के समाचार हैं।

सुमित पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले 1989 के बाद पहले भारतीय

यूएस (एजेंसी)। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में प्रवेश किया। साल 2021 में नागल को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी, लेकिन तब वह हार गए थे। वर्ल्ड रैंकिंग में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने मंगलवार को टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया। 26 साल के नागल ने 2 घंटे 38 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बुब्लिक पर 6-4, 6-2, 7-6 से जीत दर्ज किया। 34 साल के बाद किसी ग्रैंड स्लैम में भारतीय मेंस सिंगल्स खिलाड़ी की किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पर यह पहली जीत है। इससे पहले, रमेश कृष्णन ने 1989 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट्स विलेंडर को हराया था। बुब्लिक को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में 31वां सीड मिला है। वर्ल्ड रैंकिंग में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने टूर्नामेंट के पहले राउंड में बुब्लिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराया।

टूर्नामेंट के आयोजक तय करते हैं सीड – बड़े टेनिस टूर्नामेंट में सीडिंग का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रैंड स्लैम जैसे विंबलडन, यूएस ओपन, फ्रेंच ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीड मिलती है। सीड किसी खिलाड़ी की ओवरऑल रैंकिंग न होकर किसी टूर्नामेंट में मिली रैंकिंग होती है। ये सीड टूर्नामेंट के आयोजक ही तय करते हैं। सीड खिलाड़ी की दुनिया में मौजूदा रैंकिंग से ही तय होती है। सीड एक टूर्नामेंट के लिए टेम्परी तौर पर मिलती है।

टॉप सीड प्लेयर्स को मिलता है फायदा – जिस खिलाड़ी को टॉप सीड दी जाती है, उसे टूर्नामेंट में बेस्ट ड्रॉ (मैच) दिया जाता है, ताकि हाई सीडेड प्लेयर टूर्नामेंट के आखिरी तक पहुंचे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में टॉप-3 मेंस सीड प्लेयर में नोवाक जोकोविच पहले, कार्लोस अल्कारेज दूसरे और डेनियल मेदवदेव तीसरे नंबर पर हैं।

क्वालिफायर्स राउंड में एक भी सेट नहीं हारे थे सुमित –नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वालिफायर्स के पहले दौर में फ्रांस के जेफ्री ब्लैंकेनॉक्स को 6-3, 7-5 से हराया था। वहीं दूसरे राउंड में ऑस्ट्रेलियाई एडवर्ड विंटर को 6-3, 6-2 से हराया था। वहीं फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराकर 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के मेन राउंड में जगह बनाई।क्वालिफायर्स के राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराया था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास – ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

दीप्ति शर्मा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

पैट कमिंस ने मेंस कैटेगरी का अवॉर्ड जीता, पाकिस्तान के खिलाफ झटके थे 19 विकेट

दुबई (एजेंसी)। भारत की दीप्ति शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। मंगलवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। वहीं मेंस क्रिकेटर्स में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस को यह अवॉर्ड दिया गया। आईसीसी ने दिसंबर 2023 के टॉप परफॉर्मर्स को यह अवॉर्ड दिया। दीप्ति के साथ अवॉर्ड की रेस में भारत की ही जेमिमा रोड्रिग्ज और जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज भी थीं। वहीं मेंस कैटेगरी में बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स रेस में थे।

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन

दीप्ति ने पिछले महीने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की दोनों पारियों में 9 विकेट झटके थे। उन्हें पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले थे। इतना ही नहीं उन्होंने बैट से 67 रन भी बनाए थे। इंग्लैंड के बाद दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट में 8 विकेट लिए, उन्होंने बैट से 78 रन भी बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने महज 38 रन देकर 5 विकेट लिए थे। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने के बाद दीप्ति ने कहा, दिसंबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि पिछले महीने मजबूत टीमों के खिलाफ मैं भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकी। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी ताकि भविष्य में मुझे ऐसे और भी पल मिल सकें।

पैट कमिंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता। वह इस अवॉर्ड को जीतने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलिया पुरुष बने। उनसे पहले नवंबर में ट्रैविस हेड को यह अवॉर्ड मिला था। वहीं डेविड वॉर्नर ने नवंबर 2021 में इस अवॉर्ड को जीता था।

पैट कमिंस ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 19 विकेट लिए। दूसरे टेस्ट में तो उन्होंने दोनों पारियों में 5-5 विकेट झटके थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। वहीं तीसरे टेस्ट के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला।

एग्नेस नगेटिच ने 10 किमी दौड़ में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

29 मिनट से भी कम समय में पूरी की रेस

केन्या (एजेंसी)। केन्या की एग्नेस नगेटिच ने स्पेन में वालेंसिया इबरकाजा रोड रेस जीतकर 29 मिनट से कम समय में 10 किमी दौड़ने वाली पहली महिला बन गई हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 28 मिनट 46 सेकंड में रेस पूरी की और इथियोपिया के यालेमज़र्फ येहुआलाव के 2022 रोड वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हमवतन इमैक्युलेट आन्यांगो ने भी 29 मिनट से कम समय में दौड़ लगाई और 28:57 में दूसरे स्थान पर रहे। नगेटिच ने महिलाओं की एकमात्र दौड़ में बीट्राइस चेबेट के 5 किमी के 14:13 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की जिसे उन्होंने दो सप्ताह पहले बनाया था। नगेटिच के 10 किमी के समय ने महिलाओं के 10,000 मीटर ट्रैक के 29:01.03 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जो इथियोपिया की लेटेसेनबेट गिडी के पास था। नगेटिच ने सितंबर में महिलाओं की एकमात्र दौड़ में 29:24 के समय के साथ 10 किमी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। नगेटिच ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। ईमानदारी से कहूं तो, मेरा स्पष्ट लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना था लेकिन 28:46 किसी भी उम्मीद से परे है। जब मैंने आधे रास्ते में 14:13 देखा तो मैं डरी नहीं, इसने मुझे अंत तक प्रयास जारी रखने के लिए बहुत प्रेरित किया। अब वह मार्च में विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप बेलग्रेड 24 और फिर पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां अगस्त में एथलेटिक्स नंबर 1 खेल होगा।

रणजी ट्रॉफी दूसरा राउंड

मुंबई ने आंध्र को 10 विकेट से हराया, रोमांचक मुकाबले में 6 रन से हारा कर्नाटक

मुंबई (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के दूसरे राउंड के आखिरी दिन सोमवार को मुंबई ने आंध्र प्रदेश को 10 विकेट से हरा दिया। मुंबई के शम्स मुलानी ने दोनों पारी में 5-5 विकेट लिए और 10 विकेट हॉल पूरा किया। मुंबई की टीम फिलहाल एलिट के ग्रुप बी के टॉप मौजूद है।ग्रुप सी में गुजरात ने कर्नाटक को 6 रन से हराया। दूसरे राउंड के मैच 12 जनवरी से शुरू हुए थे, जिसका सोमवार को आखिरी दिन था।

मुंबई के कोटियन और अवस्थी के अर्धशतक – एलीट ग्रुप बी में मुंबई के शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेले गए मैच में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 395 रन बनाए। भुपेन लवानी (61), तनुष कोटियन (54) और मोहित अवस्थी (53) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा श्रेयस अय्यर ने भी 48 रनों का योगदान दिया।

आंध्र की ओर से नीतीश रेड्डी ने पांच विकेट झटके। जवाब में धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी की घातक गेंदबाजी के सामने आंध्र की पहली पारी सिर्फ 184 रन पर सिमट गई। धवल ने तीन और मुलानी ने छह विकेट लिए। इस मैच के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा- मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं। मैंने वह मैच पूरा कर लिया है, जो मुझे खेलने के लिए कहा गया था (आंध्र के खिलाफ रणजी मैच)। मैं आया और मैं खेला इसलिए मैं जो कर रहा हूं उससे खुश हूं।' इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज पर अय्यर बोले- मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

रोमांचक मुकाबले में गुजरात जीता – सिद्धार्थ देसाई के 42 रन पर 7 विकेट की अगुवाई में गुजरात ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक के खिलाफ रोमांचक 6 रन से जीत हासिल की। दिन की शुरुआत में 171/7 पर करने के बाद उमंग कुमार (57) और चिंतन गाजा (23) ने गुजरात को अपने दूसरी पारी में 219 के साथ समाप्त की। जीत के लिए कर्नाटक को 110 रनों की जरूरत थी और एक समय स्कोर 50/0 होने के बाद कर्नाटक 53 रन बनाकर कुल 103 रन पर आउट हो गया। देवदत्त पड्डिकल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए।वहीं, कानपुर में आखिरी दिन कोई मैच नहीं हो सका, जिससे उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

कमिंस बोले- स्मिथ को इतना खुश कभी नहीं देखा

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली बार ओपनिंग करेंगे स्टीवन ; कहा- बैटिंग का इंतजार पसंद नहीं

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्होंने स्टीवन स्मिथ को इतना खुश पहले कभी नहीं देखा। वहीं स्मिथ ने कहा कि उन्हें बैटिंग के लिए इंतजार करना पसंद नहीं। इसीलिए उन्होंने ओपनिंग करने के लिए टीम मैनेजमेंट से कहा। अब वेस्टइंडीज के खिलाफ 17 जनवरी से शुरू हो रहे टेस्ट में वह पहली बार ओपनिंग करने उतरेंगे। स्मिथ के साथ उस्मान ख्वाजा ओपन करेंगे। वहीं नंबर-4 की पोजिशन पर कैमरन ग्रीन खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने 2 दिन पहले ही अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी थी। अब वेस्टइंडीज ने भी पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है।

कमिंस बोले- स्मिथ को इतना उत्साहित कभी नहीं देखा – ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, मैंने स्मिथ को किसी टेस्ट के लिए इतना उत्साहित पहले कभी नहीं देखा। वह नेट्स में कुछ ज्यादा ही खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि नई गेंद से रन बनाने में आसानी होगी। इतने बड़े लेवल का खिलाड़ी अगर किसी पोजिशन पर बैटिंग करना चाहें तो आप उनका सम्मान करते हैं। हमने भी स्मिथ के साथ वही किया।

स्मिथ को बैटिंग का इंतजार करना पसंद नहीं – स्मिथ ने कहा, वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद तय था की ग्रीन (कैमरन) ही प्लेइंग-11 में शामिल होंगे। लेकिन उन्हें ओपनिंग का एक्सपीरियंस नहीं है। मार्नस (लाबुशेन) भी नंबर-3 पर बैटिंग करते हैं और मुझे ऐसे में बैटिंग के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता था। मुझे ये पसंद नहीं।ग्रीन नंबर-4 के बैटर हैं और वह मेरी जगह संभाल सकते हैं। लेकिन वॉर्नर के जाने से मुझे ओपनिंग करने का मौका मिलेगा और मैं वहां ज्यादा अच्छे से फिट हो सकता हूं। इस कंडीशन में देश के टॉप-6 बैटर्स टीम का हिस्सा बन सकेंगे। मैंने लम्बे समय तक नंबर-3 पर भी बैटिंग की है, इसलिए जानता हूं कि नई गेंद को कैसे खेलना है।

स्मिथ ने इंग्लैंड में बना लिया था ओपनिंग का मन – टेस्ट में पहली बार ओपनिंग करने के फैसले पर स्मिथ ने कहा, मैंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐशेज सीरीज में भी ओपनिंग करने का सोचा था। तब मुझे ज्यादातर मैचों में नई गेंद ही खेलने को मिली। फिर वॉर्नर ने रिटायरमेंट का फैसला कर लिया, तब मैंने मैनेजमेंट से कहा कि मुझे ओपनिंग करनी है। मैनेजमेंट ने मुझे सीरियसली नहीं लिया।

नई गेंद से रन बनाने में आसानी होती है। मिडिल ऑर्डर में आते-आते बॉल सॉफ्ट हो जाती है, तब मुझे रन बनाने में दिक्कत होती है। अब क्रीज पर आते ही नई गेंद का सामना करूंगा तो तेजी से रन भी बना सकूंगा।

ऑस्ट्रेलिया में 2 टेस्ट खेलेगा वेस्टइंडीज – वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2 टेस्ट की सीरीज कल यानी 17 जनवरी से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला एडिलेड में भारतीय समयानुसार सुबह 5.00 बजे से शुरू होगा। मुकाबले से पहले दोनों ही टीमों ने अपनी-अपनी प्लेइंग-11 भी घोषित कर दी है।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

वेस्टइंडीज- क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, कर्क मैकेंजी, एलिक एथनाज, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ और केमार रोच।

ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

आज अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत, कुलदीप-आवेश की वापसी संभव

बेंगलुरू (एजेंसी)। श्रृंखला जीत चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी टी20 मैच में इस लय को बरकरार रखते हुए 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी और कप्तान रोहित शर्मा के फॉर्म में लौटने की भी उम्मीद कर रही होगी।

जून में होने वाले विश्व कप से पहले यह भारत का आखिरी टी20 मैच है। मोहाली और इंदौर में मिली जीत के बाद टीम प्रबंधन कोई कोताही बरतना नहीं चाहेगा। दोनों मैचों में छह विकेट से मिली जीत में पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति अहम रही। भारत ने पहले मैच में 159 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में और दूसरे में 173 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

इससे पहले टी20 में भारतीय टीम शुरू में सावधानी से खेलकर आखिरी ओवरों में हाथ खोलने की रणनीति अपनाती आई है। लेकिन अब बल्लेबाज पहली गेंद से ही आक्रामक खेल रहे हैं और शिवम दुबे तथा विराट कोहली ने इसकी बानगी पेश की। करीब 14 महीने बाद पहला टी20 खेल रहे कोहली ने इंदौर में 16 गेंद में 29 रन बनाए। उन्होंने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीबुर रहमान का बखूबी सामना किया और उनकी सात गेंदों में 18 रन बनाए।

आम तौर पर कोहली स्पिनरों के खिलाफ धीमा खेलते हैं लेकिन इस मैच में उलटा देखने को मिला। वहीं दुबे पिछले साल डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये तीन साल बाद भारतीय टीम में लौटे। उसके बाद उन्होंने एशियाई खेलों में भाग लिया लेकिन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली।

मेसी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

मैनचेस्टर सिटी (एजेंसी)। अर्जेंटीना के लियोनल मेसी ने फीफा के फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया है। उन्हे पीएसजी और इंटर मियामी क्लब के साथ नेशनल टीम के लिए परफॉर्मेंस के आधार पर अवॉर्ड मिला। मेसी ने लगातार दूसरे साल यह अवॉर्ड जीता है। स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉल ऑफ द ईयर बनीं। वह बार्सिलोना के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। वहीं मैनचेस्टर सिटी के पेप ग्वार्डिओला को बेस्ट कोच का अवॉर्ड मिला। आइताना बोनमती एक ही साल में विमेंस फुटबॉल के 4 टॉप अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं। उन्होंने यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, बैलन डी ओर और वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल का अवॉर्ड भी जीता।

हालैंड-एमबापे को हराकर जीते मेसी – फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में मेसी के साथ नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड और फ्रांस के किलियन एमबापे भी थे। एमबापे को वोटिंग में 35 पॉइंट्स मिले और वह तीसरे नंबर पर रहे। हालैंड को मेसी के बराबर 48 पॉइंट्स ही मिले। टॉप पोजिशन टाई हो गई थी, तब टाई-ब्रेकर का इस्तेमाल किया गया। लियोनल मेसी ने लगातार दूसरे साल फीफा मेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। मेंस नेशनल टीम के 13 कप्तानों ने मेसी को वोट किया, जबकि हालैंड को 11 कप्तानों के ही वोट मिले। टाई-ब्रेकर में 2 पॉइंट से आगे रहने के कारण मेसी को विजेता माना गया और उन्होंने लगातार दूसरे साल फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया। नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में टॉप कंटेंडर थे। वह लियोनल मेसी से टाई-ब्रेकर में हार गए।

बोनमती ने एकतरफा अंदाज में जीता अवॉर्ड – स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर बनीं। उन्हें वोटिंग में 52 पॉइंट्स मिले। कप्तान, कोच, मीडिया और फैंस सभी से उन्हें 13-13 पॉइंट्स मिले, जिस कारण वह पहले नंबर पर रहीं। बोनमती ने 2023 का विमेंस बैलन डी ओर भी जीता था। फुटबॉल इंडस्ट्री में बैलन डी ओर सबसे बड़ा इंडिविजुअल अवॉर्ड माना जाता है। विमेंस में कोलंबिया की लिंडा काइसेडो 40 पॉइंट्स के साथ दूसरे और स्पेन की ही जेनिफर हरमोंसो 36 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रहीं। आइताना ने इसी साल बैलन डी ओर, यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल और बेस्ट फीफा प्लेयर का अवॉर्ड जीता। वह एक ही साल में चारों अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं। स्पेन की आइताना बोनमती ने फीफा विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर का खिताब जीता। वह महज 25 साल की हैं।

गिलहर्म मद्रुगा का बाइसिकल किक गोल ऑफ द ईयर – ब्राजील के गिलहर्म मद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। ये अवॉर्ड साल का बेस्ट गोल मारने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। मुद्रुगा ने 27 जून 2023 को पेनल्टी बॉक्स के बाहर से बाइसिकल किक के जरिए गोल मारा था। इसे फीफा ने गोल ऑफ द ईयर घोषित किया। मिडफिल्डर मद्रुगा ने सीरी-बी लीग में बोटाफोगो क्लब से खेलते हुए नोवोरिजोन्टिनो के खिलाफ गोल दागा था। गोल ऑफ द ईयर की रेस में पैराग्वे के जुलियो एन्सिको और पुर्तगाल के नुनो सांतोस भी थे। मद्रुगा पुस्कस अवॉर्ड जीतने वाले ब्राजील के तीसरे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले 2011 में नेमार और 2015 में वेंडेला लिरा भी इस अवॉर्ड को जीत चुके हैं। 23 साल के गिलहर्म मद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। उन्होंने सीरी-बी लीग में गोल ऑफ द ईयर स्कोर किया।

हालैंड-एमबापे को हराया, आइताना बोनमती बेस्ट विमेंस प्लेयर, पेप ग्वार्डिओला बेस्ट कोच

सरिना वीगमैन बेस्ट विमेंस कोच – नीदरलैंड की सरिना वीगमैन ने विमेंस कोच ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। वह फिलहाल इंग्लैंड विमेंस टीम की कोच हैं। वीगमैन को वोटिंग में 28 पॉइंट्स मिले। इंग्लैंड की एमा हेस (18 पॉइंट्स) दूसरे और स्पेन की जोनाटन जिराल्डेज (14 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड विमेंस टीम की हेड कोच सरिना वीगमैन लगातार दूसरे साल फीफा कोच ऑफ द ईयर बनीं।

ह्यूगो डेनियल फैन ऑफ द ईयर – अर्जेंटीना के ह्यूगो डेनियल टोटो इनिगेज को फीफा फैन अवॉर्ड मिला। टोटो अपने 2 महीने के बेटे के साथ अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड पहुंचे थे। मैच के दौरान टोटो बेटे को बोतल से दूध पिलाते नजर आए थे। उनके सपोर्ट और इंस्पिरेशनल स्टोरी को फीफा ने बेस्ट फैन कैटेगरी का अवॉर्ड दिया।

एडरसन और मैरी ईर्प्स बेस्ट गोलकीपर

ब्राजील के एडरसन ने मेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें 23 पॉइंट्स मिले। एडरसन मैनचेस्टर सिटी क्लब के लिए भी गोलकीपिंग करते हैं। गोलकीपर कैटेगरी में बेल्जियम के थियाबॉट कर्टोइस 20 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं मोरक्को के यासिन बोनो ने 16 पॉइंट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ब्राजील के एडरसन ने फीफा गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। विमेंस गोलकीपर में इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स बेस्ट रहीं। वह मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। दूसरे नंबर की कॉम्पिटिटर से मैरी 14 पॉइंट्स आगे रहीं, उन्हें 28 पॉइंट्स मिले। जबकि स्पेन की कैटलिना कॉल (14 पॉइंट्स) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की मैकेंजी आरनोल्ड (12 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स ने विमेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता।

ओह माय वाइफ! सीरीज में पहली बार एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं लोकेश बट्टा

अभिनेता लोकेश बट्टा ने अपने करियर में पहली बार वॉचो एक्सक्लूसिव वेब सीरीज ओह माई वाइफ! में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई। हाल ही में वॉचो पर लॉन्च हुए इस शो में वे रणबीर के रूप में दिखाई दे रहे हैं, जो एक पुलिस अधिकारी हैं और एक हाई प्रोफ़ाइल हत्या मामले की जांच कर रहे हैं। अभिनेता ने इस सीरीज के लिए अपनी हामी भरने के पीछे के कारणों और इस किरदार के लिए अपनी तैयारी और लोगों से मिली प्रतिक्रिया का खुलासा करते हुए कई ख़ास बातें बताई। ओह माई वाइफ के लिए हाँ कहने और इसकी प्रेरणा के बारे में बात करते हुए अभिनेता लोकेश बत्ता ने कहा, इस सीरीज की कहानी अपने आप में बहुत प्रभावशाली थी और मुझे यह स्वीकार करना होगा कि मेरा किरदार इतनी खूबसूरती से लिखा गया था कि मुझे लगा जैसे यह मेरे लिए ही बना है। इसके अलावा, जिस तरह से निर्देशक शौर्य सिंह ने इसे मेरे सामने पेश किया, मैं इसके लिए हाँ कहने से खुद को रोक नहीं पाया। मेरा किरदार एक साहसी, मजबूत और गंभीर रूप से सोचने वाला व्यक्ति है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक बहुत सक्रिय श्रोता है और यह खूबियां एक पुलिस वाले के लिए बहुत जरूरी है। इन सभी गुणों ने मुझे चरित्र की ओर आकर्षित किया और हमने केवल एक या दो शॉट में सब कुछ बड़ी तेज़ी से शूट किया।

वर्ष 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर होगी फाइटर

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर का टीजर कुछ दिन पहले ही आया था। फिल्म की प्रोडक्शन वैल्यू, शानदार विजुअल्स और एक्शन का जो हिंट टीजर में मिला था, उसने जनता को फिल्म देखने के लिए बहुत एक्साइटेड कर दिया था। फिल्म के तीन गाने भी आ चुके हैं और इन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। मगर मेकर्स ने फाइटर के प्रमोशन का सबसे दमदार हथियार, फिल्म का ट्रेलर रिलीज से कुछ दिन पहले के लिए बचा कर रखा था। अब फाइनली फिल्म का ट्रेलर आ गया है और इसे देखने के बाद जनता यही चाहेगी कि फाइटर जल्दी से थिएटर्स में पहुंचे।

2019 में वॉर और पिछले साल पठान जैसी तूफानी एक्शन एंटरटेनर डिलीवर करने के बाद, डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद फाइटर लेकर आ रहे हैं। ये पहली बार है जब बॉलीवुड फिल्म में एरियल एक्शन ट्राई किया जा रहा है। फाइटर के विजुअल्स बता रहे हैं कि सिद्धार्थ ने एक बार फिर से अपनी फिल्म में एक्शन को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है।

फाइटर का ट्रेलर बताता है कि इंडियन एयरफोर्स ने देश की सुरक्षा पर खतरा होने की सूरत में, तुरंत जवाब देने के लिए एक क्विक रिस्पॉन्स टीम बनाई है। शमशेर पठानिया उर्फ़ पैटी (ऋतिक रोशन) और मीनल राठौर यानी मिनी दीपिका पादुकोण, इसी टीम का हिस्सा हैं।

इस टीम को लीड कर रहे ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह यानी रॉकी का ऑर्डर है कि सब लोग आपसी बॉन्डिंग टाइट रखें क्योंकि मुश्किल दौर में यही काम आएगा। लेकिन पैटी का कॉन्फिडेंस उसे बाकियों के बीच एरोगेंट का टैग दिलाता है। देश पर पुलवामा हमले के बाद इस टीम को में आतंकियों पर अटैक करने का टास्क मिला है।

इस टास्क के अलावा पैटी और मिनी की लव स्टोरी भी कहानी का हिस्सा है। फिल्म में भारी एक्शन के साथ सॉलिड डायलॉगबाजी भी है और हमले के जवाब में जब एक पॉलिटिशियन टाइप किरदार कहता है कि इस ऑपरेशन के जरिए भारत बताएगा बाप कौन है... तो ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देता है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण इंडिया के दो सबसे गुड लुकिंग एक्टर्स हैं। ऑडियंस हमेशा से इन दोनों को एकसाथ एक फिल्म में देखना चाहती थी। फाइटर के सॉलिड एक्शन के बीच, पायलट के रोल में इन दोनों को देखना तो एक कमाल का एक्सपीरियंस है ही, साथ ही फिल्म की सपोर्टिंग कास्ट में भी बड़े-बड़े नाम हैं। वेटरन एक्टर अनिल कपूर जहां ग्रुप कैप्टन रॉकी सिंह के रोल में हैं, वहीं उनके साथ करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय और संजीदा शेख जैसे कलाकार हैं।

फाइटर का ट्रेलर बता रहा है कि ये बड़े पर्दे पर धमाका करने वाली तगड़ी फिल्म है। इसके विजुअल्स बहुत दमदार लग रहे हैं और ऋतिक-दीपिका की केमिस्ट्री भी सॉलिड नजर आ रही है। फाइटर जेट्स के एक्शन और कहानी के इमोशन इस गणतंत्र दिवस पर जनता को देशभक्ति के मूड में पूरी तरह डुबोने का काम करेंगे। फाइटर 25 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज हो रही है। ट्रेलर के बाद मेकर्स अब फिल्म की एडवांस बुकिंग भी जल्द ही शुरू करने वाले हैं।

विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक 23 फरवरी को रिलीज होगी

विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की अपकमिंग फिल्म 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' का पहला गाना 'दिल झूम' रिलीज कर दिया गया। गाने में विद्युत और नोरा की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। बता दें विद्युत जामवाल फिल्म 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' में नोरा फतेही के साथ पहली बार नजर आएंगे। फिल्म का पहला गाना रिलीज होने के बाद से उनके फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें 'क्रैक' एक स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म होगी। 'दिल झूम' गाने में विद्युत जामवाल और नोरा के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री दिखाई गई है। बता दें दोनों पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। उनके फैंस को ये जोड़ी खूब पसंद आ रही है। गाने की शुरुआत कुछ ऐसे होती है कि विद्युत कार के सामने खड़े रहते हैं, सामने से नोरा हाथ में कॉफी लेकर आती दिखाई देती हैं। पूरे गाने में दोनों अपने स्पेशल मोमेंट्स को एन्जॉय करते नजर आ रहे हैं। टीजर में नोरा फतेही, अर्जुन रामपाल और एमी जैक्सन भी नजर आ रहे हैं। एमी जैक्सन की हाथ में गन लिए कमाल की झलक दिखाई दी है। वहीं अर्जुन रामपाल और नोरा फतेही भी शानदार अंदाज में नजर आए हैं। एक बार फिर कमांडो-3 के डायरेक्टर आदित्य दत्त और एक्टर विद्युत जामवाल साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में जाहिर सी बात है कि फिल्म में एक्शन, रोमांच, थ्रिल की कोई कमी नहीं होगी। इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी विद्युत जामवाल हैं। फिल्म 23 फरवरी को विद्युत के प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स तले सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मजबूरी में एक्टर बने विजय सेतुपति, अब फीस 15 करोड़

विजय सेतुपति आज 46 साल के हो गए हैं। इन्हें आपने शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'जवान' में विलेन काली गायकवाड़ के रोल में देखा होगा। 12 जनवरी, 2024 को इनकी एक और फिल्म 'मैरी क्रिसमस' रिलीज हुई है। इसमें वो कटरीना कैफ के अपोजिट नजर आए हैं। इन दो हिंदी फिल्मों के अलावा विजय ने साउथ की कई बड़ी फिल्मों में काम किया है; जैसे विक्रम वेधा, सुपर डीलक्स आदि। वो तमिल सिनेमा के चर्चित सुपरस्टार्स में से एक हैं। उन्होंने अपने 10 साल लंबे करियर में तकरीबन 50 फिल्मों में काम किया है, लेकिन विजय के लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। शुरुआती दिनों में उन्होंने कैशियर, सेल्समैन, फोन बूथ ऑपरेटर जैसी छोटी-मोटी नौकरियां कीं। ज्यादा सैलरी के लालच में इंडिया छोड़कर दुबई तक चले गए, लेकिन बात नहीं बनी। एक्टिंग से उनका कोई वास्ता नहीं था, लेकिन साउथ के फेमस डायरेक्टर की एक बार उन पर नजर पड़ी। उन्हें विजय का चेहरा काफी फोटोजेनिक लगा। इस डायरेक्टर ने उन्हें फिल्मों में काम करने की सलाह दी। विजय ने ये सलाह मानकर फिल्मों में किस्मत आजमाई और नतीजा सबके सामने है। वो अब तक अपने फिल्मी करियर में एक नेशनल अवॉर्ड समेत कई अवॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। विजय ने एक्टिंग की कोई ट्रेनिंग नहीं ली, लेकिन टीवी सीरियल और फिल्मों में काम करते हुए ही वो इसकी बारीकियों पर ध्यान देने लग गए। एक इंटरव्यू में विजय ने कहा था, उस दौरान मैंने सिनेमा के बारे में सीखना शुरू कर दिया था, स्क्रिप्ट क्या होती है, डायलॉग डिलीवरी क्या होती है। ये सब मुझे काम करने के दौरान ही समझ में आया। मैंने असिस्टेंट डायरेक्टर्स को अपना दोस्त बना लिया और उनके साथ फिल्म देखने जाता था। वो कहते थे-ये बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा है। ये सीन अच्छे से शूट नहीं किया, ये सीन अच्छा है आदि। इससे मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।



फिल्म जिगरा में नजर आ सकते हैं वेदांग रैना

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा में वेदांग रैना नजर आ सकते हैं। फिल्म में उन्हें आलिया के भाई के रोल में देखा जा सकता है। हालांकि, मेकर्स या वेदांग की तरफ में इस खबर को सही करार नहीं किया गया है। वेदांग रैना का कहना है कि उन्हें खुशी होगी, अगर वो इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे। मगर, उन्हें भी इससे जुड़ी जानकारी नहीं है। वेदांग को हाल ही में फिल्म आर्चीज में देखा गया था। इस डेब्यू फिल्म की शूटिंग के पहले दिन वो बहुत नर्वस थे। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद एक हालिया इंटरव्यू में किया है। वेदांग ने बताया कि वो कभी एक्टर नहीं बनना चाहते थे। वो म्यूजिक फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते थे। 17 या 18 साल की उम्र में उन्होंने अपना पोर्टफोलियो एक एजेंसी को भेजा और वहीं से ऑडिशन देने का सिलसिला शुरू हुआ। फिल्म जिगरा में काम करने के सवाल पर उन्होंने कहा- हर कोई मुझसे यह पूछता रहता है, लेकिन मुझे भी इस बारे में कुछ नहीं पता है। इस तरह के प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना बहुत बड़ी बात है। अफवाहें हमेशा उड़ती रहेंगी, लेकिन आलिया भट्ट के भाई का किरदार निभाना एक बहुत ही दिलचस्प मौका है। बता दें, फिल्म जिगरा में आलिया पहली बार एक्शन अवतार में नजर आएंगी। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। फिल्म 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी। वेदांग ने फिल्म आर्चीज में पहली बार खुशी कपूर के साथ काम किया था। उन्होंने खुशी कपूर के साथ अपनी बॉन्डिंग पर बात करते हुए कहा कि उन्हें लगा था कि पहला दिन तनाव में बीतेगा। वो इस बात को लेकर परेशान थे कि खुशी के उनकी दोस्ती हो पाएगी या नहीं। मगर, कुछ समय में दोनों बहुत दोस्त बन गए। खुशी के साथ उनका यह सफर अच्छा रहा।

इंडियन पुलिस फॉर्स के लिए शिल्पा ने बढ़ाया वजन

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी इंडियन पुलिस फॉर्स के साथ अपना ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। निर्देशक रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की वे पहली फीमेल कॉप हैं। अमेज़न प्राइम वीडियो पर 19 जनवरी को रिलीज़ की जाएगी। इस सीरीज़ में शिल्पा, सशक्त महिला पुलिसकर्मी तारा शेट्टी की भूमिका निभाएंगी। हेल्थ और फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाने वाली प्रसिद्ध अभिनेत्री ने गुरुसैल महिला पुलिसकर्मी की भूमिका के लिए अपनी तैयारी के बारे में खुलकर बात की। अनुशासन और निरंतरता के महत्व पर जोर देते हुए, शिल्पा ने कहा, आपको अनुशासन और निरंतरता की आवश्यकता है। मेरी दिनचर्या और जीवनशैली काफी संतुलित है। मैं अपना रात का खाना शाम 7 बजे तक खा लेती हूं और 14 घंटे का उपवास रखती हूं। मैं आमतौर पर उच्च प्रोटीन लॉ कार्ब डायट का पालन करती हूं लेकिन जब आप काम कर रहे होते हैं, तो आपको भूमिका और उसकी आवश्यकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता होती है। रोहित चाहते थे कि मैं अपने पैरो के वज़न क्योंकि वह एक सख्त अधिकारी चाहते थे। इसलिए चरित्र में ढलने के लिए, मैंने अपना डायट बदल दिया और अतिरिक्त वजन बढ़ाये।

रकुल प्रीत सिंह ने किया खुलासा कैसे पड़ीं जैकी भगनानी के प्यार में

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कुछ दिनों से सुर्खियों में बनी हुई हैं। ऐसी अफवाह है कि अभिनेत्री इस साल फरवरी में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी से शादी कर लेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रकुल और जैकी 22 फरवरी को गोवा में सात फेरे लेंगे। इस जोड़े को पिछले हफ्ते मुंबई में राम मंदिर प्रतिकृति रथ पर पूजा करते हुए भी देखा गया था। रकुल के लिए हाल ही में एक और बड़ी उपलब्धि यह रही है कि उन्होंने बॉलीवुड में एक दशक पूरा कर लिया है। इसी कड़ी में रकुल प्रीत सिंह ने इंडस्ट्री में अपने 10 साल पूरे करने और लव लाइफ पर खुलकर बात की है। रकुल प्रीत सिंह ने बॉलीवुड में 10 साल पूरे करने पर अपनी खुशी जाहिर की। अभिनेत्री ने कहा, मैं आज जहां हूं उससे बहुत संतुष्ट हूं। इंडस्ट्री से बाहर की होने के नाते, मुझे शुरू में नहीं पता था कि चीजों को कैसे करना है, लेकिन फिर मैं आभारी हूं कि चीजें मेरे लिए काम कर गईं। रकुल प्रीत सिंह ने अपने होने वाले पति जैकी भगनानी के बारे में भी बात की। उन्होंने साझा किया कि कैसे उनकी भावनात्मक अनुकूलता उन्हें पेशेवर रूप से भी मदद करती है। रकुल ने बताया, मैं काफी लंबे समय से सिंगल थी, लेकिन पार्टनर का होना एक बहुत ही स्वाभाविक प्रक्रिया है। दुर्भाग्य से, यदि आप फिल्मी जगत का हिस्सा हैं तो बहुत सारी अटकलें हैं। लेकिन हम सभी मनुष्य हैं जो भावनात्मक अनुकूलता और निर्भरता चाहते हैं। हालांकि, मैं एक बहुत ही स्वतंत्र लड़की हूं, फिर भी ऐसे दिन आते हैं जब मैं अपनी छुट्टी के दिनों में सिर्फ जैकी से बातें करना चाहती हूं। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने साल 2021 में अभिनेता के जन्मदिन पर अपने रिश्ते को आधिकारिक बना दिया। रकुल प्रीत सिंह ने आगे जोड़ा, लेकिन वह मेरे प्रोफेशनल स्पेस को समझते हैं क्योंकि वह उसी इंडस्ट्री से हैं और इससे एक महिला के तौर पर मैं उनके साथ काफी सुरक्षित महसूस करती हूं। भावनात्मक संतुलन बनाए रखने से मैं पेशेवर तौर पर जो भी करती हूं, उस पर असर पड़ता है। हालांकि उन्होंने अपनी शादी की खबरों पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन रकुल ने इस बारे में विस्तार से बात की कि वह जैकी के साथ कार्य-जीवन संतुलन कैसे बनाए रखना पसंद करती हैं।

जय श्री राम

ॐ नमः शिवाय

महादेव की असीम कृपा से आप सभी भक्तजनों के सहयोग से

बिसरख प्राचीन महादेव (रावण) मन्दिर में

श्री राम दरबार

एवं

भेरों बाबा की स्थापना

हवन प्रातः 11 बजे एवं
भण्डारा दोपहर : 01 बजे
सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024
को किया जा रहा है।

आप सभी भक्तगण सादर आमन्त्रित है।

पूज्य गुरुदेव श्री महान्त रामदास जी महाराज
सम्पर्क सूत्र : 9810486103, 6396759427

चौ. अजय प्रधान
बिसरख धाम